

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 15 अप्रैल 2025 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-017 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### रजत कुमार बने जीएडी सचिव, मुकेश बंसल रिलीव

**रायपुर,15 अप्रैल।** राज्य शासन ने आज जारी आदेश में आईएएस रजत कुमार को सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए आईएएस मुकेश कुमार बंसल को इस अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है. छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार विनायक शर्मा को महाप्रबंधक, छग संवाद नवा रायपुर से अपर कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर। ममता यादव को संयुक्त कलेक्टर जांजगीर चांपा से संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर। माधुरी सोम ठाकुर को उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय जगदलपुर से संयुक्त कलेक्टर कोरबा। स्निग्धा तिवारी को संयुक्त कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ से संयुक्त कलेक्टर जांजगीर चांपा। अशोक कुमार मार्बल को डिप्टी कलेक्टर उ.ब. कांकेर से डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़। गीता रायस्त डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम से उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय बस्तर संभाग, जगदलपुर।

### रिश्वत लेते पकड़ा गया आरआई

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,15 मई।** राजस्व अमले में भ्रष्टाचार नासूर बन चुका है. ऐसी ही एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एन्टी करप्शन ब्यूरो ने छापा मारकर गौरेला आरआई (राजस्व) को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है. बताया जा रहा गौरेला आरआई ने तहसील विभाग में काम के एवज में 50,000 रुपए की माँग कर रहा था. शिकायत पर एसीबी की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए आरआई को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने में कामयाबी हासिल की है.

### हेमंत सोरेन के मुस्लिम मंत्री ने शरीयत कानून को संविधान से ऊपर बताया

**रांची,15 अप्रैल।** झारखंड के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन के लिए संविधान से बढ़कर शरीयत कानून है। सीएम हेमंत सोरेन के मुस्लिम मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मुसलमान सीने में कुरान और हाथ में संविधान रखता है। लिहाजा मुसलमानों लिए संविधान से पहले शरीयत कानून है। हफीजुल हसन ने ये बयान एक निजी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कही है। हेमंत सोरेन के मुस्लिम मंत्री के इस बयान के बाद झारखंड की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। बीजेपी ने इसे राष्ट्रविरोधी बताते हुए मंत्री की बर्खास्तगी की मांग की है। साथ ही पूरे राज्य में आंदोलन की बात कही है। झारखंड के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन ने 'संविधान से ऊपर शरीयत कानून' वाले बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बाबूलाल मरांडी ने इसे राष्ट्रविरोधी बताते हुए मंत्री की बर्खास्तगी की मांग की। उन्होंने कांग्रेस-झामुमो से स्थिति स्पष्ट करने को कहा और पूरे राज्य में आंदोलन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह बयान केवल एक मंत्री की निजी राय नहीं, बल्कि कांग्रेस-झामुमो गठबंधन की सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा, 'इंडी गठबंधन के लोग केवल संविधान की किताब पॉकेट में लेकर घूमते हैं, असल में उन्हें संविधान की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर पूरे राज्य में आंदोलन करेगी और जनता को बताएगी कि झामुमो और कांग्रेस की प्राथमिकता संविधान नहीं, बल्कि धार्मिक कट्टरता है। वह इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और पूरे राज्य में जोरदार आंदोलन करेगी।

### बंगाल हिंसा पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा-यह क्रिया की प्रतिक्रिया है

**कोलकाता,15 अप्रैल।** वक्फ कानून के विरोध की आग में पश्चिम बंगाल पिछले पांच दिन से जल रहा है। सबसे ज्यादा असर मुर्शिदाबाद जिले में पड़ा है। मुर्शिदाबाद हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं सैकड़ों घायल हुए हैं। वहीं वक्फ को लेकर कांग्रेस नेताओं के जहरीले बोल जारी है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बाद अब एक और कांग्रेस मुस्लिम नेता ने बंगाल हिंसा और वक्फ कानून पर विवादित बयान दिया है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है।

## हॉस्पिटल से बच्चा चोरी हुआ तो लाइसेंस होगा रद्द : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,15 अप्रैल।** बच्चा चोरी होने वाले हॉस्पिटल का लाइसेंस रद्द होगा। अस्पतालों से चाइल्ड ट्रैफिकिंग के बढ़ते मामलों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। साथ ही देश के शीर्ष न्यायालय ने राज्य सरकारों को नवजात बच्चों की चोरी से जुड़े मामलों पर सख्ती से काम करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर आरोपियों की जमानत भी रद्द कर दी है। दरअसल वाराणसी और उसके आसपास के अस्पतालों में हुई बच्चा चोरी की घटनाओं के आरोपियों को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2024 में जमानत दे दी थी।इसके खिलाफ बच्चों के परिवारों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सुनते हुए इसका दायरा बढ़ा दिया था। कोर्ट ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और भारतीय इंस्टीट्यूट ऑफ डेवेलपमेंट से रिपोर्ट मांगी थी। मामले में आज सुनवाई हुई। मामले में दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे बी पारडीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरोपियों की जमानत रद्द कर दी है। मामले में दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे बी पारडीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरोपियों



की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने इस बात को फैसले में दर्ज किया है कि यह देशव्यापी गिरोह था। इसके चुराए हुए बच्चे पश्चिम बंगाल, झारखंड और राजस्थान तक से बरामद हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को समाज के लिए खतरा बताया और कहा कि इन्हें जमानत देना हाई कोर्ट के लापरवाह रवैये को दिखाता है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत के आदेश को चुनौती न देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की भी आलोचना की है। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने सभी माता-पिता को सलाह दी है कि वह अस्पताल में अपने नवजात बच्चों की सुरक्षा को लेकर ज्यादा सतर्क रहें। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट से कहा है कि वह चाइल्ड ट्रैफिकिंग के लंबित मुकदमों का ब्यौरा लें और ट्रायल कोर्ट को उनका निपटारा 6 महीने में करने का निर्देश दें। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा है, 'अगर किसी माता-पिता का नवजात बच्चा मर जाए, तो उन्हें दुख होता है। वह सोचते हैं कि बच्चा ईश्वर के पास वापस चला गया है, लेकिन अगर उनका नवजात बच्चा चोरी हो जाए, तो उनके दुख का अनुमान नहीं लगाया जा सकता। चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मामले में भारतीय इंस्टीट्यूट की तरफ दिए गए सुझावों को भी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जगह दी है। साथ ही सभी राज्य सरकारों कहा है कि उसे पढ़ कर अमल करें।

## रायगढ़ में मां-बेटी की हत्या

### घर के बरामदे में मिली लाश, डॉग स्क्वाड ने जांच शुरू की

**रायगढ़,15 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में डबल मर्डर हुआ है। पुसौर गांव में मां-बेटी की लाश उनके घर के बरामदे में पड़ी मिली है। आसपास के लोगों ने थाने में सूचना दी। सूचना के बाद जांच के लिए पुलिस टीम पहुंच गई है। थाने से 200 मीटर की दूरी पर वारदात हुई है। SP दिव्यांग पटेल समेत डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गायत्री मंदिर के पास रहने वाली उर्मिला संवरा (45) और पूर्णिमा संवरा (24) के रूप में हुई है। फिलहाल घर को सील कर दिया गया है। घर के बरामदे में ही दोनों मां-बेटी को मारकर फेंका गया है घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, पुलिस भी आस-पास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। दूसरी बेटी जब घर पहुंची तो लाश देखी। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा



है कि मृतिका अपनी दो बेटियों के साथ घर में रहती थी, लेकिन उसकी एक बेटी कल्पना संवरा (18) डांस कॉम्पिटिशन के लिए अपने डांस ग्रुप के साथ कलमी गांव गई हुई थी।

## वक्फ कानून के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आदिवासी संगठन

### कहा- बोर्ड ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है

**नई दिल्ली,15 अप्रैल।** वक्फ संशोधन कानून बनने के बाद एक तरफ, जहां पश्चिम बंगाल पिछले पांच दिनों से हिंसा की आग में जल रहा है। वहीं कांग्रेस, सपा समेत कई राजनीतिक पार्टियां और कई मुस्लिम धार्मिक संगठन इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। दूसरी तरफ वक्फ संशोधन मामले की सुनवाई से पहले नए कानून के समर्थन में लगातार आवेदन दाखिल हो रहे हैं। अब आदिवासी संगठनों ने भी इस कानून का समर्थन करते हुए इसे आदिवासियों के हित की रक्षा करने वाला कानून बताया है। जय ओमकार भीलाला समाज संगठन और आदिवासी सेवा मंडल नाम की संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल कर अपना पक्ष चुने जाने की मांग की है।

नए वक्फ संशोधन कानून की धारा 3E अनुसूचित जनजाति के लोगों की जमीन को वक्फ की संपत्ति घोषित करने पर रोक लगाती है। आदिवासी संगठन इसे अपने समुदाय के हितों की रक्षा के लिए एक जरूरी प्रावधान मान रहे हैं। उनका कहना है कि संविधान निर्माताओं ने आदिवासियों की जमीनों को लेकर विशेष रूप से चिंतित रहे। इसका परिणाम है तमाम राज्यों के ऐसे कानून जो अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की जमीनों का ट्रांसफर गैर-आदिवासी को करने पर प्रतिबंध लगाते हैं। आदिवासी संगठनों ने कहा है कि वक्फ कानून, 1995 में वक्फ बोर्ड को अनियंत्रित शक्ति दे दी गई थी। ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जहां वक्फ बोर्ड ने आदिवासियों की जमीन को वक्फ बताकर उस पर कब्जा कर लिया। संसद से बना नया वक्फ संशोधन कानून आदिवासी समाज के हितों के प्रति केंद्र सरकार की वचनबद्धता को दिखाता है। लंबे समय से ऐसे कानून की जरूरत महसूस की जा रही थी।

## रॉबर्ट वाड्रा घर से पैदल चलकर ईडी दफ्तर पहुंचे

### बोले- संसद में राहुल की आवाज दबाई जाती है, यहां मेरी

**नई दिल्ली,15 अप्रैल।** शिकोहपुर जमीन घोटाले में बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ईडी दफ्तर पहुंच गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जमीन घोटाले केस में दूसरी बार समन मिलने के बाद रॉबर्ट वाड्रा घर से पैदल ही चलकर ईडी दफ्तर पहुंचे। ईडी PMLA के तहत वाड्रा का बयान दर्ज कर रही है। इससे पहले उन्हें आठ अप्रैल को तलब किया गया था लेकिन वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। ईडी दफ्तर जाने के दौरान मीडिया से बात करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने बीजेपी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार बदले के तहत कारवाई कर रही है। मुझे नहीं पता कि दोष क्या है. जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे कुछ भी छिपाने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 20 साल से अब तक उन्हें कुछ भी नहीं मिला है, अगर कुछ है तो सामने लाया जाए। उन्होंने कहा कि मैं जब लोगों के हित में बोलता हूं तो मुझे दबाया जाता है। ये संसद में राहुल की आवाज दबाते हैं और यहां मेरी। जब भी मैं लोगों की आवाज उठाता हूं, मुझे दबाया जाता है। यह पूछे जाने पर कि इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। क्या वह इसके लिए तैयार हैं? इस पर वाड्रा ने कहा कि मैं हर चीज के लिए तैयार हूं। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप पर बोले कि बीस साल से इन्हें कुछ नहीं मिला है। अगर मनी लॉन्ड्रिंग हुई है तो प्रूफ करो. यह राजनीतिक



प्रतिशोध का मामला है। सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि लोग मुझे प्यार करते हैं और चाहते हैं कि मैं राजनीति में शामिल हो जाऊं। जब मैं राजनीति में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करता हूं, तो वे मुझे नीचे गिराने और वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए पुराने मुद्दे उठाते हैं। मामले में कुछ भी नहीं है. पिछले 20 वर्षों में मुझे 15 बार बुलाया गया और हर बार 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। 23000 दस्तावेजों को व्यवस्थित करना आसान नहीं है।

## वक्फ की जमीन खाली करने 150 परिवारों को दरगाह ने दिया बेदखली का नोटिस

**वेल्लोर,15 अप्रैल।** तमिलनाडु के वेल्लोर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां कट्टुकोल्लई गांव में लगभग 150 परिवारों पर आरोप लगाया गया है कि वे वक्फ संपत्ति पर अवैध कब्जा करके रह रहे हैं। इसके लिए एक दरगाह ने उन्हें बेदखली का नोटिस भी जारी किया है जिसके बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई है। इन नोटिसों के जवाब में कांग्रेस विधायक हसन मौलाना ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि किसी को भी गांव से बेदखल नहीं किया जाएगा। हालांकि, मौलाना ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर वक्फ बोर्ड के पास जमीन से जुड़े कानूनी दस्तावेज हैं और उनकी वैधता सिद्ध होती है, तो ग्रामीणों को थोड़ा किराया देना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ÷एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ होता है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कट्टुकोल्लई गांव के लगभग 150 परिवारों को एफ. सैयद सथाम नामक व्यक्ति की ओर से नोटिस भेजे गए। सथाम का दावा है कि यह जमीन एक स्थानीय दरगाह की वक्फ संपत्ति है, जो 1954 से वक्फ बोर्ड के अधीन है। नोटिस के अनुसार, एक ग्रामीण बालाजी पर आरोप है कि उसने वक्फ भूमि (सर्वे नंबर 362) पर मकान और दुकान बना ली है। नोटिस में कहा गया है कि सभी निवासियों को वक्फ नियमों का पालन करना होगा, अनुमति लेनी होगी और ग्राउंड रेंट देना होगा - अन्यथा उन्हें कानूनी रूप से बेदखल किया जा सकता है। सैयद सथाम 2021 में अपने पिता की मृत्यु के बाद दरगाह और मस्जिद के संरक्षक बने थे। उनका कहना है कि उनके पास जमीन के मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता अशिक्षित थे और उन्हें औपचारिकताओं की जानकारी नहीं थी, इसलिए उन्होंने ग्रामीणों से कभी किराया नहीं वसूला। अब वे इस ÷गलती÷ को सुधारना चाहते हैं। सथाम ने कहा कि अभी दो और नोटिस भेजे जाएंगे, और यदि फिर भी प्रतिक्रिया नहीं मिली तो वे मामला हाई कोर्ट में ले जाएंगे। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि वे चार पीढ़ियों से इस जमीन पर रह रहे हैं और इसे अपनी पुश्तैनी संपत्ति मानते हैं। उन्होंने पक्के सरकारी दस्तावेज, पेंचायत टैक्स भुगतान और घर निर्माण की अनुमति जैसे प्रमाण भी दिखाए हैं। ग्रामीणों का गुस्सा इस बात को लेकर है कि जब सथाम के पिता ने कभी किराया नहीं मांगा, तो अब अचानक यह मांग क्यों उठ रही है।

## एनएसएस कैंप में हिंदू छात्रों से जबरन नमाज पढ़ाने का आरोप

**बिलासपुर,15 मई।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों से जबरदस्ती नमाज पढ़ाने का मामला सामने आया है. हिंदू छात्रों ने बीती रात कोनी पुलिस थाने में एनएसएस कोऑर्डिनेटर और प्रोग्राम ऑफिसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है वे उन्हें एनएसएस कैंप में योगा के बहाने जबरदस्ती नमाज पढ़ने पर मजबूर करते हैं. शिकायतत करने वाले हिंदू छात्रों ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च से 1 अप्रैल तक एनएसएस का कैंप आयोजित किया गया था. इस कैंप में विश्विद्यालय के 159 छात्र हुए शामिल थे. इनमें से केवल 4 छात्र मुस्लिम थे, जबकि बाकी सभी हिंदू थे. वहीं 30 मार्च को ईद के दिन मुस्लिस छात्रों के साथ-साथ हिंदू छात्रों को भी जबरदस्ती नमाज पढ़वाई गई.



छात्रों ने अपनी शिकायत में बताया कि कोऑर्डिनेटर ने चारों मुस्लिम छात्रों को मंच पर नमाज अदा करने बुलाया और बाकी छात्रों को आदेश दिया कि उन्हें देखकर नमाज अदा करने की प्रक्रिया दोहराएं और सीखें. हिंदू छात्रों ने इस दौरान इसका विरोध भी किया, लेकिन उनसे जबरदस्ती नमाज पढ़ने पर मजबूर किया गया. छात्रों ने बताया कि इस दौरान ह्स्स् कैंप के छात्रों का मोबाइल जमा करा लिया गया था, इस वजह से इस घटनाक्रम का कोई वीडियो या फोटो रिकॉर्ड नहीं किया जा सका. इस मामले में कुछ छात्रों ने अपना पहचान छुपाते हुए एक वीडियो भी जारी किया है और अपनी आपबीती सुनाई है. फिलहाल कोनी थाना पुलिस हिंदू छात्रों की शिकायत पर मामले की जांच में जुट गई है.

## नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने एक ही परिवार के 6 लोगों को कुचला, 2 की मौत

**दुर्ग,15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के ग्राम बेलौदी में एक ट्रैक्टर चालक ने घर के बाहर बैठे 6 लोगों को कुचल दिया. इस हादसे में 1 बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि अस्पताल ले जाते समय 1 महिला ने भी दम तोड़ दिया. वहीं परिवार 4 घायल सदस्यों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है. इस घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश है. उनका कहना है कि अगर समय पर सहायता मिलती, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी. पुलिस के अनुसार, गर्मी के चलते पीड़ित परिवार की महिलाएं और बच्चे रात में खाना खाने के बाद घर के बाहर बैठे हुए थे. इसी दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से उतर आई और उन्हें कुचल दिया. इस हादसे 8 वर्षीय बच्ची संतोषी निषाद की मौत हो गई जबकि 55 वर्षीय सरस्वती देशमुख ने अस्पताल ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया. वहीं 4 लोग घायल हो गए. घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत ट्रैक्टर चालक को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया. बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक नशे में धुत था, इसके चलते वह वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका. वहीं इस हादसे के बाद गुस्साये लोगों ने रास्ता जमकर विरोध प्रकट किया. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## मंदिरों में ताकत होती तो गोरी-गजनवी जैसे लुटेरे नहीं आते : इंद्रजीत सरोज

**लखनऊ,15 अप्रैल।** समाजवादी पार्टी के विधायक इंद्रजीत सरोज ने अपने उस बयान का बचाव किया जिसमें उन्होंने मुहम्मद गौरी जैसे ऐतिहासिक आक्रमणों के दौरान भारतीय देवी-देवताओं की भूमिका पर सवाल उठाया था। सरोज ने कहा कि देश के देवी-देवताओं को आक्रमणकारियों को श्राप देकर राख में बदल देना चाहिए था। समाजवादी पार्टी के विधायक ने कहा कि हमारे देवी-देवता इतने शक्तिशाली नहीं थे। 712 ई. में मुहम्मद बिन कासिम अरब से इस देश में आया और देश को लूटा। मुहम्मद गौरी इस देश को लूटने आया था। तो इस देश के देवी-देवताओं ने क्या किया? इंद्रजीत सरोज ने आगे कहा कि देवी-देवताओं को मुसलमानों को श्राप देना चाहिए था। वे राख हो जाते, मर जाते और अंधे हो जाते। इसका मतलब है कि कुछ कमी है और हमारे देवी-देवता इतने शक्तिशाली नहीं हैं। सरोज ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर भारत के मंदिरों में शक्ति होती तो मोहम्मद बिन कासिम, महमूद गजनवी और मोहम्मद गौरी जैसे आक्रमणकारी देश में नहीं आते। इसी बीच समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने एक



और बयान देकर सियासत तेज कर दी है। आंबेडकर जयंती के मौके पर उन्होंने आगरा में स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि गड़े मुर्दे उखाड़ने की जरुरत नहीं है। तुम्हारा कहना है कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर है। हमें यह कहना पड़ेगा कि हर मंदिर के नीते बौद्ध मठ है। वो ये बयान देकर ही नहीं रुके। बल्कि उन्होंने कहा कि अगर तुम कहोगे कि मुसलमान में बाबर का डीएनए है तो तुम में किसका डीएनए है। ये भी बता दो। सुमन ने करणी सेना पर भी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हमने कुल तीन सेनाओं को चुना था जिसमें वायु सेना, थल सेना और नौ सेना शामिल थी। हमारे बीच नई सेना आई है।

## हर मंदिर के नीचे बौद्ध मठ : सुमन

**आगरा,15 मई।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने आगरा में एक और विवादित बयान दिया है। उन्होंने करणी सेना को चेतावनी देते हुए कहा कि 19 अप्रैल को अखिलेश यादव आगरा आ रहे हैं, फिर होंगे दो-दो हाथ। मैदान तैयार है, अब होंगे दो-दो हाथ'। सपा सांसद यही नहीं रूके और कहा कि हमें कहना पड़ेगा कि हर मंदिर के नीचे बौद्ध मठ है।

राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने बाबर के डीएनए पर भी सवाल उठाए और कहा कि अगर मुसलमानों में बाबर का डीएनए है तो तुम्हारे अंदर किसका डीएनए?' रामजीलाल सुमन ने करणी सेना की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना सुनी, ये फर्जी करणी सेना कहां से आ गई। सपा सांसद अंबेडकर जयंती के मौके पर आगरा आए थे। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने विवादित बयान दे दिया। बता दें कि इससे पहले रामजीलाल सुमन ने कहा था कि भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है तो फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है, बाबर को कौन लाया, बाबर को भारत में इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। रामजीलाल सुमन ने कहा था कि मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं।

## सैफ अली खान केस में आया नया मोड़ आरोपी के फिंगरप्रिंट नहीं हो रहे हैं मैच



**मुंबई,15 अप्रैल।** सैफ अली खान हमले के मामले में दायर 1,600-पृष्ठ चार्ज शीट हाल ही में प्रस्तुत की गई थी। इसके अनुसार सैफ अली खान के घर के अंदर से लिए गए फिंगरप्रिंट सबूतों ने बांद्रा पुलिस की गहन जांच के अनुसार, प्राथमिक संदिग्ध, बांग्लादेशी शेरेफुल इस्लाम शहजाद से मेल नहीं खाए। चार्जशीट फ्लैट के भीतर विभिन्न स्थानों में 20 अव्यक्त फिंगरप्रिंट नमूनों की खोज की रिपोर्ट करता है जहां कथित हमला हुआ था। इन्हें फोरेंसिक परीक्षा के लिए राज्य सीआईडी के फिंगरप्रिंट ब्यूरो में भेजा गया था। फिर भी, रिपोर्ट अब असमान रूप से दावा करती है कि कोई भी नमूना शहजाद या शाहिद शब्बीर सैय्यद, सह-अभियुक्त नहीं है। मुंबई पुलिस द्वारा दायर चार्ज शीट के अनुसार, घटना के बाद सैफ के घर से ली गई उंगली के निशान के बीच, कुछ ने अभियुक्त के साथ मेल नहीं खाई। बांद्रा पुलिस ने इस चार्ज शीट में दो फिंगरप्रिंट रिपोर्ट जोड़ी हैं। हालांकि, अगर तकनीकी आधार पर विश्वास किया जाना है, तो पुलिस सूत्रों ने कहा कि कई उंगलियों के निशान भी पहचानने योग्य नहीं थे। इसके अलावा, चार्ज शीट में एक और सीआईडी ??रिपोर्ट जोड़ी गई है, जिसमें यह भी कहा गया है कि इमारत की 8 वीं मंजिल पर पाया गया एक एकल बायाँ पाम प्रिंट अभियुक्त से मेल खाता है। फिंगरप्रिंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 फिंगरप्रिंट में से सात को पीछे के बाथरूम के दरवाजे से लिया गया था, एक स्लाइडिंग बेडरूम के दरवाजे से और दो अलमारी के दरवाजे से। ये प्रिंट शाहिद शब्बीर सैय्यद (संदिग्ध) और शरीफल इस्लाम शाहजाद (गिरफ्तार) की तुलना के लिए प्राप्त की गई पर्ची में किसी भी उंगली के निशान के साथ मेल नहीं खाते हैं। चार्ज शीट से जुड़ी फिंगरप्रिंट रिपोर्ट में आगे कहा गया है, यह मामला जो रिज विवरण को प्रकट नहीं करता है। इसलिए, वे फिंगरप्रिंट परीक्षा के लिए फिट नहीं हैं।

## शराब घोटाला: सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को दी जमानत

**नई दिल्ली,15 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने प्रक्रिया में हुई खामियों और लंबी अवधि तक जेल में रहने को आधार बनाते हुए यह आदेश पारित किया। अनिल टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) की धारा 44 के तहत दर्ज शिकायत के आधार पर 21 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया गया था। मामले में विशेष अदालत ने 5 अक्टूबर 2024 को संज्ञान लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि 2 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट द्वारा विशेष अदालत के संज्ञान लेने के आदेश को इस आधार पर निरस्त कर दिया गया था कि सीआरपीसी की धारा 197 (भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 218 के समकक्ष) के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। पीठ ने स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट के उक्त आदेश को चुनौती नहीं दी गई है, इसलिए वर्तमान में कोई संज्ञान आदेश अस्तित्व में नहीं है। कोर्ट ने कहा, ÷अपीलकर्ता लगभग एक वर्ष से जेल में है। मामले में 20 से अधिक अभियुक्त हैं और अभियोजन पक्ष ने 30 से अधिक गवाहों का उल्लेख किया है। कोर्ट ने इस मामले में अधिकतम सज़ा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी परिस्थिति में सुप्रीम कोर्ट के 'सेंथिल बालाजी मामले' में निर्धारित सिद्धांत लागू होते हैं, जिनमें लंबे समय तक संज्ञान के अभाव में जमानत देने की बात कही गई है। पीठ ने यह भी नोट किया कि 12 फरवरी 2025 को इसी प्रकार के मामले में सह-अभियुक्त को भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दी गई थी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (ASG) ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि टुटेजा बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उनके द्वारा जांच और गवाहों को प्रभावित करने की संभावना है। इस आशंका को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी शर्तों के साथ जमानत दी है। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि टुटेजा को अपना पासपोर्ट सरेंडर करना होगा और एक वचनपत्र देना होगा कि भविष्य में यदि विशेष अदालत मामले का संज्ञान लेती है तो वे न्यायालय की कार्यवाही में नियमित रूप से उपस्थित होंगे तथा मामले के शीघ्र निपटारे में सहयोग करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तत्काल धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 43(1) के तहत विशेष अदालत के गठन के लिए सत्र न्यायाधीश की नियुक्ति करने का निर्देश भी दिया है, क्योंकि वर्तमान में यह पद रिक्त है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि टुटेजा को संबंधित जिला एवं सत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया जाए ताकि जमानत की औपचारिकताएं पूरी की जा सकें।

एक नज़र

### सोमेश का डीएनए मैच हुआ



**भिलाई, 15 अप्रैल।** मोहन नगर थाना क्षेत्र में 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने 3 संदिग्धों का डीएनए टेस्ट के भेज था जिसकी रिपोर्ट आ चुकी है। जिसमें आरोपी सोमेश यादव का डीएनए टेस्ट मैचिंग आया है घटना के बाद से पुलिस भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपनी कार्यवाही कर रही है। मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले सगे चाचा सोमेश यादव को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने एसआईटी का भी गठन किया है।जिसकी जांच अभी जा रही है दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी सोमेश यादव और अन्य दो लोगो का डीएनए टेस्ट के भेज गया था बच्ची के शरीर बायोलॉजिकल सैंपल एकत्रित कर भेज गया था। और तीनो संदेहियो के साथ परीक्षण कराया गया था लेकिन सोमेश यादव से ही यही टेस्ट के साथ मैचिंग हुआ। पुलिस के अब पर्याप्त साक्ष्य हो चुके है। जिसके कारण पुलिस को आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में पुलिस कामयाब होगी ।

### कार की टक्कर से महिला की मौत

**भिलाई, 15 अप्रैल।** भिलाई धमधा थाना अंतर्गत स्कूटी सवार मां.बेटे को एक तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया इस हादसे में महिला को गंभीर चोटें आईए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 106 ;1द्धए 125 ;एद्धए 281 के तहत अपराध दर्ज किया है धमधा पुलिस ने बताया कि वार्ड 5 गुप्ता पारा धमधा निवासी दिलीप अग्रवाल ;57 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी पत्नी सारिका गुप्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है विभागीय काम से दुर्ग जाना था इसके चलते तीन लोग एक स्कूटी में सवार होकर चले गए। स्कूटी बेटा वंश अग्रवाल चला रहा था वापसी में शाम करीब 5ण्45 बजे जैसे ही शिवनाथ नदी पुल को पार किया। सामने से एक सफेद रंग की कार का चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ला रहा था नजदीक आकर उसने स्कूटी में सामने से ठोकर मार दी जिससे तीनों गाड़ी सहित गिर गए। उस दौरान पीछे बैठी पत्नी सारिका को सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गईए जबकि उसे और बेटे को हल्की चोटें आई सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम कर बॉडी को परिजनों को सौंप दिया ।

### सट्टा खेलाने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 15 अप्रैल।** भिलाई मोबाइल पर आनलाइन सट्टा खेलने व खेलाने वाले आरोपितों को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित क्रिकबज एप के माध्यम से मोबाइल पर सट्टा संचालित कर रहे थे। आरोपितों के पास से तीन मोबाइल और अलग-अलग लोगों के नाम के खातों को जब्त किया गया है। दोनों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि निजामी मंजिल के पास कैंप-1 वृंदा नगर निवासी आरपित फकरूद्दीन उर्फ फक्कू (39 साल ) को मोबाइल पर आनलाइन सट्टा खेलते व खेलाते हुए पकड़ा गया था। उसके पास से तीन मोबाइल, एक फैडरल बैंक का एटीएम कार्ड, बाइक और 11 हजार 100 रुपये नकद जब्त किया गया था पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि वो दो साल से आनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार कर रहा है उसने पुलिस को बताया कि वो मोती महल मैत्री विहार महादेव रोड डीडी नगर रायपुर निवासी

राहुल चौधरी (34 साल ) के साथ मिलकर आनलाइन सट्टा का कारोबार संचालित कर रहा है इस पर पुलिस की टीम ने आरोपित राहुल चौधरी को भी गिरफ्तार किया आरोपितों ने यूपीआइ और विभिन्न बैंक के खातों से आनलाइन सट्टा के लाखों रुपये के लेनदेन करने की जानकारी दी जिसके आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है

### पूर्व नपाध्यक्ष आशा तंबोली ने जल संरक्षण और हेलमेट जागरूकता का संदेश दिया

**कवर्धा, 15 अप्रैल।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशा तंबोली ने जल संरक्षण और हेलमेट जागरूकता का संदेश देते हुए कहा की पानी का महत्व सभी को समझना है और जितना जरूरी हो उतना ही जल का इस्तेमाल करना है क्योंकि जल है तो जीवन है ओर पौधे में पानी अवश्य डालना है क्योंकि पौधा है तो हम सभी जीवित है और यातायात सुरक्षा के मद्देनजर चर्चा करते हुए आशा ने कहा की दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनिए क्योंकि हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कवच है । यातायात सुरक्षा पर चर्चा करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम तंबोली ने कहा की कार चलाते समय शीट बेल्ट लगाकर कार अवश्य चलाए और गाड़ी ज्यादा तेज गति से नहीं चलाना चाहिए ।

### आयुक्त सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुँचे

**दुर्ग, 15 अप्रैल।** नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने 26 एवं 27 दो वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।इस निरीक्षण में उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से भी फीडबैक लिया और उनसे सुझाव मांगे.निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने पाया कि सड़को व नालियों में सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता थी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई व्यवस्था को और भी सुधारा जाए.उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें.आयुक्त सुमित अग्रवाल ने यह भी कहा कि नगर निगम को स्वच्छता और सफाई के लिए नागरिकों का सहयोग चाहिए ।

# अम्बेडकर जयंती शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद विजय बघेल




**भिलाई, 15 अप्रैल।** डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। भिलाई के हृदय स्थल डॉ आंबेडकर चौक में बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डॉ अम्बेडकर प्रतिमा प्रबंध राज्य स्तरीय जयंती मेला समिति अध्यक्ष सुनील रामटेके ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, विशिष्ट अतिथि रिंकेश सेन, देवेन्द्र यादव विधायक, असीम बेग, वर्षा वागडे, ज्ञान वागडे रहे। तथागत समाज कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल साखरे धनंजय मेश्राम, सिद्धांत के द्वारा भंडारे में सांसद विजय बघेल ने अपने हाथों से भोजन परोसा। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा भिलाई के हृदय स्थल अम्बेडकर चौक में एक मंच पर सभी को आमंत्रित किया केवल बौद्ध समाज ही नहीं दुसरे समाज को भी आमंत्रित ऐसे ही सद्भावना बनी रहे। इतिहास गवाह है उस समय की बड़ी जिम्मेदारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने दी डॉ बाबासाहेब को संविधान लिखने की जिम्मेदारी दी बल्कि प्रेम बिहारी नारायण रायजादा हैं जो डॉ अम्बेडकर को संविधान सभा की ड्राफ्टिंग सभा का अध्यक्ष होने के नाते संविधान निर्माता होने का श्रेय दिया जाता है। प्रेम बिहारी वे शख्स हैं जिन्होंने अपने हाथो से अंग्रेजी में संविधान की मूल कॉपी यानी पांडुलिपि लिखी थी। बाबा अम्बेडकर का सम्पूर्ण जीवन भारतीय समाज सुधार के लिए समाजित था। अस्पृश्यों तथा दलितों के उत्थान में बीता वे दलितों के मसीहा थे। कांग्रेस ने हमेशा से ही उनको अपमानित किया। भाजपा ने हमेशा उनका सम्मान किया। उनके मरने उपरांत वीपी सिंह की सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया वी पी सिंह की सरकार को भाजपा बाहर से समर्थन दिया था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने का अहम फैसला लिया जो पुरे देश में संविधान दिवस मनाए जाने लगा। डॉ बाबा साहेब उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाले मराठी मूल का था वो वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव के निवासी थे। बाबा साहेब ने नारा दिया शिक्षित बनो संघर्ष करो और संगठित रहो आज समाज की एकता दिखाई देती है।

## बीजेपी ने मनाई भीमराव अम्बेडकर जयंती

**जामुल,15 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस के अवसर पर केंद्र व प्रदेश एवं भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन एवं जामुल मंडल अध्यक्ष बंटी प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में रावण भाठा वार्ड-9 वर्मा साइकिल स्टोर प्रांगण में भारत रत्न भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती दीप जलाकर धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश माण्डले प्रमुख वक्ता पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर उपस्थित थे। साथ में अश्वनी पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष बंटी प्रशांत गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, ओमप्रकाश साहु, ओमप्रकाश यादव, जगदीश देवांगन, बीआर रामटेके, अरुण यादव, देवनाथ यादव, दीपक सिंह, कुलेश्वर वर्मा, लल्लन सिंह, लेखराम पाल, रामकृष्ण साहू, संतोष ठाकुर, विजय राव, हलधर साहू, मेघनाथ साहू, संजय यादव आदि की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही । कार्यक्रम पश्चात मिठाई व शर्बत वितरण किया गया।



## पुलिस अधीक्षक ने विजेताओं का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 15 अप्रैल।** जिले के होनहार खिलाड़ियों ने नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का परचम बुलंद किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री धमेन्द्र सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने कहा कि इन युवाओं की मेहनत, समर्पण और लगन आज हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। इनकी उपलब्धि से न सिर्फ हमारा जिला, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन हुआ है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह अनुशासनए धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। हमारे जिले के युवाओं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो सफलता प्राप्त की है, वह यह दर्शाता है कि अगर संकल्प और सही मार्गदर्शन हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संयुक्त भारतीय खेल संघ द्वारा 3 से 7 अप्रैल तक नेपाल के पोखरा में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत समेत पाकिस्तान, भूटान, वर्मा, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल जैसे कुल सात देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले के चार खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। जिले के सूरज राजपूत ने बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में सात देशों के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले भी वे मिस्टर छत्तीसगढ़, सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग, और पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। सूरज राजपूत वर्तमान में कबीरधाम के भारत हेल्थ क्लब÷ में कोच की भूमिका में रहते हुए लगभग 50 खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।कवर्धा की पहली महिला वेटलिफ्टर दीपाली सोनी ने 76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। इससे पहले वे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि से जिले की बेटियों को एक नई प्रेरणा मिली है। पुरुषों के 67 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर श्रेणी के अभिषेक तिवारी ने वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वे पूर्व में स्कूल नेशनल गेम्स में भी पदक जीत चुके हैं। वहीं 14 वर्षीय अनुराग जांगड़े ने 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर भविष्य की एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरे हैं। इन सभी खिलाड़ियों के प्रशिक्षक सूरज राजपूत हैं, जो वर्षों से खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार कर रहे हैं। उनका योगदान जिले के खेल विकास में अनुकरणीय है।

## गंज मण्डी के पास पाइप लाइन संधारण शुरू

**भिलाई, 15 अप्रैल ।** नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में रॉ-वाटर जलशोधन संयंत्र में दुर्ग गंज पारा के सामने पाइप लाईन में लिकेज हो रहा था। जिसका संधारण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जलशोधन संयंत्र में 1000 डाया का पाइप बिछा हुआ है। यह सबसे महत्वपूर्ण पाइप लाईन है, इसी के माध्यम से नगर निगम के 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी जलशोधन संयंत्र में पानी पहुंचाया जाता है। फिर वहां से शुद्धिकरण करके पीने योग्य बनाया जाता है। तत्पश्चात निगम क्षेत्र के सभी बड़ी टंकियों को भरा जाता है, वहीं से सभी क्षेत्रों में पानी का वितरण किया जाता है। जब तक जलशोधन संयंत्र भरेगा नहीं तब तक पानी सप्लाई नहीं हो पाएगा। आज सुबह तड़के ही पाइप लाईन के लिए खुदाई शुरू हो गई है, निगम के जल विभाग का पुरा अमला लगा हुआ है। शीघ्र से शीघ्र कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। सभी नागरिको से विनम्र अपील की गई है कि अपने घरों में पानी को स्टोर करके रख लेवें। निगम द्वारा सभी क्षेत्रों में टेंकर से पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र बड़ा है आवश्यकता के अनुसार सभी क्षेत्रों में पानी पहुचाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। सर्तकता तौर पर सभी लोग अपने घरों में पानी जरूर बचत करें। आज सुबह जब निगम के अधिकारी भ्रमण कर रहे थे, कृष्णा नगर में शांति बाई साहू को बोलते हुए सबने सुना कि मैं अपने बहू से बार-बार कहती हूॅ कि पानी को बर्बाद मत किया कर। हम लोग एक-एक गुंडी पानी के लिए तरसते थे, दूर से पानी लाते थे। लाइन लगाते थे तब जाकर पानी मिलता था। अब सबके घर में पानी आ गया है, कोई किमत नहीं समझता। अब निगम का पानी दो दिन नहीं आएगा तब पता चलेगा कि पानी का कितना

## विधायक स्कूटी से पहुंचे खम्हरिया वार्ड समस्याओं का किया निराकरण भी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 अप्रैल।** वैशाली नगर विधानसभा के सभी 37 वार्डों में विधायक रिकेश सेन का डोर टू डोर कैंपेन आज से शुरू हो गया है। आज सुबह जुनवानी और खम्हरिया की गलियों में स्कूटी से पहुंचे विधायक ने लोगों से उनकी कुशलक्षेम जानते हुए समस्याएं पूछी और तत्काल निराकरण भी किया। इस दौरान निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और खम्हरिया वार्ड में सड़क, सफाई, पेयजल आपूर्ति से संबंधित परेशानियों को सूचीबद्ध किया। विधायक रिकेश ने बताई जा रही समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। वैशाली नगर विधायक का ऐसा कहना है कि हम अगर डोर टू डोर कैंपेन चलाएंगे तो जनसमस्या को ज्यादा सुन सकेंगे इसलिए आज वो वार्ड 1 खम्हरिया पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि आज मेरे द्वारा जुनवानी और खम्हरिया में जनसमस्या डोर टू डोर पहुंच कर सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक हफ्ते के भीतर जहां रोड बनाना है वहां रोड, जहां लाइट लगाना है वहां लाइट, जहां अवैध रूप से शराब बिकने की शिकायतें आ रही हैं वहां तत्काल कार्यवाही हो। कुछ मोहल्ले की महिलाओं ने शिकायत करी कि असामाजिक तत्व देर रात तक मोहल्ले के चौक चौराहे और खाली मैदान में जमघट लगा शोरगुल तथा नशे में हंगामा करते हैं। विधायक ने ऐसे सभी स्थलों को सूचीबद्ध कर स्मृति नगर पुलिस को तत्काल ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। वार्ड में कई स्थानों पर डोम शेड की मांग भी की गई है। विधायक रिकेश ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में भी शीघ्र पहल वो करेंगे।

### फिल्टर प्लांट में खराबी के चलते पानी सप्लाई बाधित, 18 घंटे चला सुधार कार्य

**दुर्ग, 15 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत।रायपुर नाका 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्थित विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई बड़ी खराबी के चलते बघेरा पोटिया,बोरसी सहित शहर के 8 बड़ी टंकियों में पानी नहीं भर पाने के कारण रविवार सुबह व सोमवार सुबह पानी सप्लाई प्रभावित हुई जिसे जल गृह विभाग के तकनीकी कर्मियों द्वारा विद्युत मंडल के सहयोग से 18 घण्टे की मशक्कत के बाद सुधार कर लिया इस दौरान जानकारी मिलने पर चल रहे रिपेयर कार्य का निरीक्षण करने आधी रात को महापौर अलका बाघमार जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य एम आई सी सदस्य भी फिल्टर प्लांट पहुंचे और एक घंटे से अधिक समय रहकर तकनीकी खराबी दूर करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए वही सुबह तक स्थिति सामान्य नही होने की जानकारी मिलने पर जायजा लेने विधायक गजेंद्र यादव भी फिल्टर प्लांट पहुंचकर अधिकारियों को शीघ्र दूर करने के निर्देशित किया।

## सुनहरे पेंटिंग से सजाये जा रहे हैं निगम भिलाई के चौक-चौराहे

**भिलाई, 15 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहे,फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे, अंडरब्रिज आदि स्थानों पर आकर्षक पेंटिंग करके दीवारों को सजाया जा रहा है। खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा यह पेटिंग की जा रही है। इस पेटिंग की विशेषता है कि यह लंबी अवधि तक चलेगा और पानी से धुलाई कर देने पर पुनः नये जैसे दिखने लगता है। वर्तमान में नेशनल हाईवे से लगे हुए नेहरू नगर चौक, ब्रिज के नीचे सुपेला चौक, प्लाई ओवर के खम्बों पर जन जागरूकता, पर्यावरण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, प्राकृतिक सौंदर्य आदि को प्रतिबिम्बित करते हुए बनाया गया है। इसके पश्चात सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों जहां पर उपयुक्त स्थल मिलेगा, वहां पर पेंटिंग की जायेगी। कुछ स्थानों पर आते जाते राहगीरों द्वारा सेल्फी भी लिया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा ऐसे लोगों को सचेत किया जाता है कि



सेल्फी लेते समय यातायात नियमों का पालन करें। कहीं भी गाड़ी खड़ी करके सेल्फी न लें, इससे दुर्घटना होने की संभवना बनी रहती है। नगर को साफ-सुथरा स्वच्छ बनाने में नगर निगम भिलाई के साथ-साथ आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्हें भी ध्यान देना होगा कि इस प्रकार का किये गये अच्छे कार्यों के नीचे कचरा न फेंकें, उसे खरोंचकर गंदा न करें। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी प्रकार के पोस्टर, बैनर लगाने वाले एजेंसियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति के कहने से कहीं पर भी बैनर, पोस्टर मत लगवावें। ऐसी जानकारी मिली है कि एजेंसियों को कार्य का ऑर्डर मिलने पर उन्हीं के आदमियों द्वारा बैनर, पोस्टर लगाया जाता है। जब तक लिखित में निगम का आदेश बैनर, पोस्टर लगाने के स्थल का नहीं होगा। तब तक कहीं पर भी बैनर, पोस्टर लगाना नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत अवैध है। सीधे एजेंसी के आदमियों के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज किया जाएगा। इसकी पुरी जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। उनका गुमास्ता एवं ट्रेड लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा। पूरे नगर के चौक-चौराहो को बैनर पोस्टर लगाकर खराब किया जा रहा है। इससे दुर्घटना होने की पूरी संभावना बनी रहती है। सुंदरता के लिए लगाए गए ।

# अंबेडकर जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 अप्रैल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधियों वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने गुलदस्ता भेंटकर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और कलेक्टर गोपाल वर्मा को गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया । पंचायत समाज कल्याण राज तिवारी सहित पी आर ओ विनीत दास और स्टेनो राकेश पटेल ने अतिथियों का सम्मान किया ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संविधान निर्माता बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया, और उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को देश के लोकतंत्र की नींव बताया। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनका योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने सामाजिक सुधार, शिक्षा के प्रचार-प्रसार और दलितों व वंचितों के अधिकारों के लिए भी अभूतपूर्व कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण की महत्ता के बारे में बताया गया। भूमिगत जल स्तर में गिरावट की समस्या को देखते हुए स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण उपायों को अपनाने पर जोर दिया गया।जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामाजिक




समरसता कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित उपस्थित नागरिकों ने संविधान के प्रस्तावाना का पठन किया। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए उपस्थित गणमान्य नागरिकों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर कार्य करने और प्रचार प्रसार के लिए चारो विकासखंड के 10-10 कुल 40 पंचायतों के पंचायत एम्बेस्डर को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सामाजिक समरसता कार्यक्रम में उपस्थित विभन्न समाज के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिले की 48 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसके लिए आज ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सीएससी सेवा प्रदाताओं के मध्य ओएमयू किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मनीराम साहू , जिला पंचायत सभापति राजकुमार मेरावी , जिला पंचायत सभापति डॉ. बीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सभापति राजकुमार मेरावी , जिला पंचायत सभापति राजेश्वरी धृतलहरे , युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू,जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, ,बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विधायक भावना बोहरा ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समस्त नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के सिद्धांतों को मजबूत करने में अमूल्य योगदान दिया है। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी विचारधारा आज भी हमें सामाजिक समरसता और समान अधिकारों की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम डॉ. अंबेडकर के दिखाए गए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक समाज की स्थापना करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रत्येक गांव के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी गांवों में जल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग और जल स्तर बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक बोहरा ने बताया कि बैंकिंग और डिजिटल सेवा उपलब्ध करने ग्राम पंचायत और कॉमन सर्विस सेंटर के बीच ओएमयू किया गया है, जिसके माध्यम से 100 से अधिक डिजिटल सेवाएं अब सीधे ग्रामीणों को उपलब्ध होंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को गति मिलेगी और नागरिकों को आवश्यक सेवाएं सरलता से प्राप्त होंगी। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जिले के 48 ग्राम पंचायतो में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना के लिए एमओयु ग्राम पंचायत सरपंच एवं संबंधित कॉमन चॉइस सेंटर के बीच में संपन्न किया गया। इसके माध्यम से ग्रामीणों को 100 से अधिक डिजीटल सेवाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उमुख्यमंत्री के प्रयासों से अनेक आवास गरीबों को प्राप्त हुए है, ऐसे हितग्राही जो आवास से वंचित है शासन द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 से 30 अप्रैल तक मोर दुवार, साय सरकार विशेष पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छूटे हुए परिवारों को आवास का लाभ दिलाना है। उन्होंने बताया कि 42 हजार परिवारों को आवास का सेंशन मिल गया है। इसके साथ ही 49 हजार 137 परिवारों को चिंन्हाकन नए सर्वे के माध्यम से किया गया है। 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले मोर दुवार, साय सरकार सर्वेक्षण में नए लोगों का नाम जोड़ा जाएगा। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिला को सेमी क्रिटीकल जोन घोषित किया गया है। भू जल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रत्येक गांव में नल कूप और सरोवर का काम प्रारंभ कर रहे है। एक पेंड मां के नाम अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य कलस्टर बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

### ग्राम पंचायतों में अब डिजिटल और बैंकिंग सेवाएं होंगी और सुलभ

ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिले की 48 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना की जा रही है। आज भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) ग्राम पंचायत सरपंचों और संबंधित कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों के बीच संपन्न किया गया। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण जनता को अब अपने ही गांव में बैंकिंग, बीमा, पेंशन, आधार सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, मोबाइल रिचार्ज, डिजिटल भुगतान, सरकारी प्रमाणपत्र, किसान संबंधित योजनाएं, और 100 से अधिक अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि गांव के लोगों को शहरों या ब्लॉक मुख्यालयों पर निर्भर रहने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी।

# विहिप, बजरंग दल ने विश्व कल्याण के लिए किया सामूहिक चालीसा पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़, 15 अप्रैल।** धर्मनगरी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तत्वावधान में विश्व कल्याण की कामना को लेकर सामूहिक चालीसा पाठ सम्पन्न हुआ जिसमें 251 युवाओ माताओं बहनों ने संकल्प लेकर पाठ किया। विहिप अध्यक्ष बालमुकुंद तराने ने बताया सर्व प्रथम हनुमान राम स्तुति की गई ततपश्चात विजय महामंत्र के बाद तेज हवा आंधी प्रारम्भ हो गयी। संकल्प लिए हुए राम भक्तों ने दृढ़ निश्चय होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया व हनुमान की आरती के बाद रतन राठौर के माध्यम से प्रसादी वितरण किया गया मंजू धनकर व गीतेश्वरी यादव दीदी ने भजन की प्रस्तुति दी। नगर वासियों के सहयोग से आयोजन सम्पन्न हुआ।

चालीस पाठ में मंच के माध्यम से वेदांश ताम्रकर, पिंकू ठाकुर, आशु सेन, गोविंद यादव, देव वर्मा, ईशान ठाकुर, पवन, हिमाशु डाकहा आदि उपस्थित रहे पाठ कराया। आयोजन में व्यवस्थापक के रूप में बब्ली नामदेव, जिज्ञाशू टांक, हनी गुप्ता, रितेश सक्सेना, नितिन शर्मा, ऋषभ डाकहा, हिमांशु गुप्ता, प्रशांत गभने, नीरज चौरड़िया, विवेक गुप्ता, कमल किशोर शर्मा, आलोक प्रताप सिंह, अविनाश पोद्दार, मोहित तराने, अमर तिवारी, अमन नामदेव, विमल अग्रवाल, राजवीर कोचे, सुब्रोतो राय, राजेश साहू, मोहित कोठारी, विवेक शर्मा, निशांत शर्मा, युवराज सिंह, चांद महानंद, सरोज सिंह, आदित्य मिश्रा, राहुल नामदेव, हेमन्त मंडावी, गोलू यादव, हिमाशु वेगड़ व सनातन जागृति सेवा संस्थान, हनुमान भक्त युवा समिति, महावीर मंदिर सेवा समिति, शक्ति वाहिनी के सदस्य उपस्थित रहकर सहयोग किया।

## समाचार संक्षेप

### ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती



**डोंगरगांव, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांववासियों ने एकजुट होकर बाबा साहब की प्रतिमा का पूजन किया और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पूजन कार्यक्रम के बाद भव्य झांकी रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। रैली में डीजे की गूंजती धुनों पर युवा व बच्चे झूमते नजर आए। झांकियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक न्याय के संदेश को दर्शाया गया। रैली ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने फूल वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बाबा साहब की जयंती को सामाजिक एकता और समानता के प्रतीक के रूप में मनाया गया।

■ **पूजन के बाद निकाली गई झांकी रैली, डीजे की धुन पर झूमे लोग**

### हड़ताल पंडाल में मनाई अम्बेडकर जयंती



**डोंगरगढ़, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज 14 अप्रैल को ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जन्म जयंती हड़ताल पंडाल पर मनाया गया इस अवसर पर ब्लाक सचिव संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष राजाराम उईके, प्रवक्ता गैंदलाल, खोबरागड़े, मनेश रंगारी, संरक्षक मोरध्वज साहू, दिलीप वर्मा, केदान सिन्हा, कोमल वर्मा, थानूराम, विजय सिन्हा, भूपेन्द्र यादव, धरमपाल वर्मा, दिनेश साहू, अमित वर्मा, चुम्मन वर्मा, पुखरेश साहू, निधी यादव, टाकेश्वरी, कंचन, अंजू ठाकुर, रोशनी, शोभाराम, मंगतू यादव, हलधर, रोहित, जयराम, श्रीराम, एवं सभी उपस्थित थे, आप सबको ज्ञात होगा की छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर प्रदेश के समस्त सचिव 18 मार्च से अपनी एक सूत्रीय शासकीय करण की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर डटे हुये हैं, आज अगर सचिवों का हड़ताल नहीं हो रहा होता तो ग्राम पंचायत में यही सचिवगण ग्राम सभा ले रहे होते और शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं, बजट, वार्षिक लेखा, जीपीडीपी, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन एवं अन्य कार्य सुचारू रूप से हो रहा होता , लेकिन शासन की बेरूखी वादा खिलाफी, अनदेखी के कारण आज ग्राम पंचायतों में ताला लटक रहा है तथा रोजगार सहायकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रभारी सचिव ग्रामसभा लेने के लिये बनाया गया लेकिन ग्रामसभा के संचालन नियम, सचिव के कार्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी नहीं होने के कारण ग्राम सभा आयोजन को लेकर पशोपेश में है, सचिवों की हड़ताल से शासन की ग्राम स्तर की सभी योजनाओं में ग्रहण लग गया है ग्राम सभा आयोजन का आदेश जारी होने के बाद अब नवनिर्वाचित सरपंचगण पंचायत सचिवों के हड़ताल पर होने से ग्राम सभा का विरोध करने की तैयारी में है ग्राम सभा के लिये जारी ऐजेण्डा के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी सरपंचों को नहीं होने से इसका विरोध करना ही उचित समझ रहे हैं सचिवों की मांग के संबंध सरकार से स्थायी व त्वरीत समाधान की आस लगा बैठे हैं।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



**नगरी, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत खम्हरिया के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 01 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतकुमार मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया विशेष अतिथि पवन कुमार पंच रहेत कुमार पंच के रूप में गर्भवती माताओं का वजन ऊंचाई लिया गया योगेश्वरी निर्मलकर, ईश्वरी साहू, छबीला निषाद, डगेश्वरी पुजारी, यशोदा साहू सुनील कुमार साहू गोवर्धन साहू मुकेश राधेश्याम साहू धीरजा बाई कांति बाई उषाबाई जैन बाई नीतू अमिका उमा बाई, हरू किरण सोनबोईर माहेश्वरी साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा कश्यप आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती माताओं को पोषण पख्वाड़ा में गर्भवती के खानपान की जानकारी के साथ वजन ऊंचाई एवं हीमोग्लोबिन की जाँच संबंध में बताया गया।

### चाकू लहरा कर लोगों को डरा रहा बदमाश गिरफ्तार



**राजनांदगांव, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दीनदयाल आवास कालोनी मैदान के पास धारदार चाकु लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे है सूचना पर तत्काल दबीश देकर मौके पर आरोपी शेरा कश्यप पिता पंचू कश्यप उम्र 29 साल साकिन दीनदयाल नगर अटल आवास कालोनी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। आरोपी आदतन बदमाश है जिनके विरूद्ध पूर्व मे अलग अलग थानो मे नकबजनी आर्म्स एक्ट, मारपीट का अनेक मामले दर्ज है। क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाष, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

### रास्ता रोककर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**राजनांदगांव, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी मुकेश पिता रवि यादव उम्र 28 साल निवासी गौरीनगर अटल आवास राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव का 13 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह अपने दोस्तो के साथ मोहड में पिकनिक मनाकर ई रिक्शा वाहन से वापस आ रहे थे, कि नंदई चौक राजनांदगांव के पास पहूॅचे तभी आरोपी रितेश यादव उर्फ लारो यादव, मुरली ठाकुर व उनके अन्य 02 विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक द्वारा एक राय होकर वाहन को रोककर चौक हमारा है कहकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का एवं डण्डा से मारपीट कर जान से खतम करने की धमकी दिया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध धारा 296, 351(2)115(2), 126(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत् मुकदमा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## गुलाबी ई-ऑटो से हरित परिवहन को बढ़ावा देने का प्रयास

# मुख्यमंत्री साय ने महिला ड्राइवरों को सौंपे 40 इलेक्ट्रिक वाहन



**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 अप्रैल 2025 को रायपुर में एक विशेष समारोह के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स द्वारा निर्मित 40 गुलाबी रंग के एब्लू रोज़ी इलेक्ट्रिक ऑटो चुनिंदा महिला ड्राइवरों को सौंपे। यह पहल 15 ग्रामीण संगठनों के सहयोग से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और राज्य में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

महिलाओं को इलेक्ट्रिक ऑटो की चाबियां देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (एनआरईडीए) के अध्यक्ष अंकित आनंद (आईएएस), नया रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के सीईओ सौरभ कुमार, रायपुर जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिस्वरंजन और रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मौजूद थे।

यह योजना महिलाओं को एक भरोसेमंद और स्थायी रोज़गार का साधन देगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके साथ ही, यह पहल राज्य में स्वच्छ परिवहन और पर्यावरण के अनुकूल रोजगार को बढ़ाने के बड़े मिशन में भी मदद करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, एब्लू रोज़ी इलेक्ट्रिक ऑटो की चाबियाँ सौंपना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का साधन है, बल्कि छत्तीसगढ़ को हरित भविष्य की ओर ले जाने वाला एक मजबूत कदम भी है। हमारी सरकार हर नागरिक को सशक्त बनाने और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के निदेशक और सीईओ हैदर अली खान ने कहा, यह पहल बदलाव का प्रतीक है, एक ऐसा परिवर्तन जिसमें महिलाएं स्वच्छ, सुरक्षित और भरोसेमंद मोबिलिटी के जरिए आत्मनिर्भर बन सकें। एब्लू रोज़ी सिर्फएक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में एक प्रेरक साधन है।

# ग्राम करवारी स्थित फार्म हाउस में शराब का मामला दिल्ली का शराब ढक्कन सप्लायर फैक्ट्री मालिक गिरफ्तार

- छत्तीसगढ़ सहित पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान में शराब की ढ़क्कन सप्लाई का वैध लायसेंस
- इससे पूर्व में गिरफ्तार नागपुर निवासी चंदन ममतानी को किया था शराब का ढ़क्कन सप्लाई
- छग के अलावा महाराष्ट्र में नकली अवैध ढक्कन की सप्लाई की थी
- अवैध तरीके से पैसे कमाने के लालच में की थी सप्लाई, दिल्ली के बी-32 नरेश पार्क मे पैक व्यू नाम से हैं फैक्ट्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 15 अप्रैल।** 29 मार्च को डोंगरगढ़ पुलिस को ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू का फर्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छ0ग0 का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है कि सूचना पर कार्यवाही करते हुये। फार्म हाउस से कुल 432 पेटी शराब कीमती 27, 32670/-रू एवं घटना स्थल में स्थित मकान के अंदर बने तल घर से भारी मात्रा में खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त किया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण के आरोपी के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम का गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया जिस पर गठित विशेष टीम द्वारा अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुयें आरोपी पता तलास हेतु टीम रवाना हुवा था करवारी फार्म हाऊस शराब मामले में दिल्ली का शराब कैप ढ़क्कन निर्माता सप्लायर फैक्ट्री मालिक आरोपी विक्रम आहूजा उर्फ विक्की पिता पूरन चंद आहूजा उम्र 50 वर्श निवासी फ्लैट नम्बर 1 माया अपार्टमेंट विकासपुरी दिल्ली 18 को गिरफ्तार किया गया जो पुर्व मे गिरफ्तार आरोपी चंदन ममतानी को छत्तीसगढ़ मे बिकने वाली षराब की षीषी का ढक्कन 60 हजार नग सप्लाई कर बिना परचेस आर्डर के अवैध रूप से बेचा है। प्रति ढ़क्कन 30-40 पैसें मुनाफा पर बेचता था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेंजा जा रहा है।

# बाबा साहेब एक स्वप्नदृष्टा, युग प्रवर्तक थेः कुलबीर छाबड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 15 अप्रैल।** भारतीय संविधान के शिल्पकार महान समाज सुधारक भारतरत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर 14 अप्रैल सोमवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा आयोजित कर कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन में डॉ.भीमराव अम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, गोपीचंद गायकवाड़, शहर कांग्रेस सचिव सुरेन्द्र गजभिए ने बाबा साहेब के अनुकरणीय व अनमोल कार्यो को याद कर नमन किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सर्वप्रथम बाबा अम्बेडकर की तैलचित्र श्रद्धासुमन अर्पित कर जय भीम के नारे लगाते हुए कहा कि डा.भीमराव अम्बेडकर अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओं और मजदूरों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिया। बाबा साहेब एक अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, महान विद्वान व स्पप्नदृष्टा थे, जिन्होंने व्यवस्था परिवर्तन का स्वप्न देखा और उसे साकार कर युग प्रवर्तक का कार्य कर किया। बाबा साहेब का मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन में शिक्षा का उजियार फैलाना था। डॉ. अंबेडकर का सपना था कि समाज को कैसे आगे बढ़ाना है, भारत में लोगों का जीवन स्तर कैसे सुधरे, कैसे भारत आर्थिक रूप से विकसित हो, सभी को समानता का अधिकार मिले इस पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर संविधान का निर्माण किया था, यही कारण है कि बाबा साहेब को संविधान का जनक भी कहा जाता है। जिसका आज पूरा विश्व पटल पूजता है। किन्तु आज बाबा साहेब के संविधान को सत्ता के रौंब में कुछ लोग बदलने में लगे जिसका कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व व उनके घटक दल बचाने में लगे है।

संगोष्ठी सभा पश्चात कांग्रेसजनों ने जिला कार्यालय स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाएं। इसके बाद सिविल लाइन स्थित बाबा अम्बेडकर मंगल भवन स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### कैरियर माइडिया इंडिया ने रश्मिका मंदाना को बनाया ब्राण्ड अम्बेसडर




■ **भारत में अपनी मार्केट लीडरशिप को मजबूत बनाने के लिए पैन-इंडिया स्टार को MIDEA HVAC की दी जिम्मेदारी**

**रायपुर, 15 अप्रैल।** भारतीय एयर कंडीशनिंग उद्योग में जाने-माने नाम कैरियर माइडिया इंडिया ने ॥ड्ढ्रष्ट कैटेगरी में अपने माइडिया ब्राण्ड के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। भारत में एयर कंडीशनिंग के प्रतिस्पर्धी बाज़ार में माइडिया ॥ड्ढ्रष्ट की स्थिति को मजबूत बनाना और मार्केटिंग के ज़रिए ब्राण्ड की पंहुच बढ़ाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती डिस्पोज़ेबल आय और उर्जा दक्ष कूलिंग समाधानों पर बढ़ते फोकस के साथ भारत का एयर कंडीशनिंग सेगमेन्ट विकास के दौर से गुज़र रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच सालों में यह सेक्टर अच्छी दर से विकसित होगा, जिससे विश्वस्तरीय एवं स्वदेशी प्लेयर्स के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। माइडिया ॥ड्ढ्रष्ट, जिसे आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं कूलिंग के शानदार परफोर्मेन्स के लिए जाना जाता है, मार्केट में बड़ा शेयर हासिल करने के लिए तैयार है। ऐसे में रश्मिका मंदाना के साथ यह साझेदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी और ब्राण्ड को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ेगी।

इस साझेदारी पर बात करते हुए श्री संजय महाजन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कैरियर माइडिया इंडिया ने कहा, ''भारत का एयर कंडीशनिंग उद्योग तेज़ी से विकसित हो रहा है और उपभोक्ता ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो न सिर्फउनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लेकर आएं बल्कि उनके साथ भावनात्मक संबंध भी बनाएं। माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ रश्मिका मंदाना की साझेदारी हमारी स्थिति को और मजबूत बनाएगी। यह बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले स्मार्ट एवं सस्टेनेबल एयर कंडीशनिंग समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमने अगले कुछ सालों में अपना मार्केट शेयर बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।' रश्मिका मंदाना को उनके आकर्षक व्यक्तित्व, व्यापक अपील और दर्शकों के साथ जुड़ाव के लिए जाना जाता है, उनके मूल्य माइडिया एचवीएसी के इनोवेशन, उच्च परफोर्मेनस एवं आधुनिक जीवनशैली से मैच करते हैं।

## डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# 10-10 ग्राम पंचायतों और सीएससी सर्विस प्रदाता के मध्य किया गया एमओयू

- अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रत्येक विकाखंड के 10-10 पंचायतों का चयन
- आवास प्लस 2.0 में नाम जोड़ने के लिए विशेष पखवाड़ा मोर दुवार, साय सरकार महाअभियान के तहत 30 अप्रैल तक किया जाएगा सर्वेक्षण
- कलेक्टर ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना का कराया वाचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव, 15 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पंचायत के सभाकक्ष में शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अध्यक्ष बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव कांति कुमार फुले, डॉ. केएल टाण्डेकर, सिद्धार्थ चौरे, नीतेश रामटेके, दीपक कोटांगले, प्रहलाद फुले, रामकुमार वाल्दे वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिले के 40 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सीएससी के व्हीएलई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र के शुभारंभ की जानकारी प्रदान किया गई। जिले में पात्र परिवार को आवास प्लस 2.0 में नाम जोडऩे के लिए विशेष पखवाड़ा मोर दुवार, साय सरकार महाअभियान के तहत 15 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक सर्वक्षण किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास एम्बेसडर नियुक्त किया गया है एवं आने वाले समय में शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में आवास एम्बेसडर नियुक्त किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई।

अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को स्मरण करने के लिए हम सभी उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विश्व के चुनिंदा बुद्धिमान व्यक्तियों में शामिल है। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसके कारण एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ हमारा राष्ट्र निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारतीय संविधान देश को एक दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति जन्म, जाति, धर्म से बड़ा नहीं होता। कोई भी व्यक्ति कर्म से बड़ा होता है।

## संपादकीय

# आनलाइन भुगतान समाधान तो है...

भ्रष्टाचार करना आसान होता है तो हर जगह भ्रष्टाचार होता है और उसे अनिवार्य बुराई मान लिया जाता है यानी कि यह तो रहेगा ही।इसे तो कोई सरकार, सीएम या अफसर बंद नहीं करा सकता। भ्रष्टाचार करना आसान कब हो जाता है जब वह समूह में किया जाता है। मिलकर किया जाता है।जनता को एहसास करा दिया जाता है कि आपका काम तो बिना पैसे दिए इस आफिस में हो नहीं सकता।कई लोग तर्क दे सकते हैं कि जनता में से कुछ लोग जो पैसा दे सकते हैं, वह अपना काम जल्द कराने के लिए घूस देते हैं और इस तरह सरकारी कर्मचारी को वह भ्रष्ट करते हैं,एक बार सरकारी कर्मचारी को पता चल जाता है कि काम करने का उसे अतिरिक्त पैसा मिलता है दो वह वही करने लगता है और समझता है कि यह तो उसका अधिकार है। कई लोग तर्क दे सकते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए पैसे देने पड़ते हैं,नौकरी मिलने के बाद आदमी जनता से उसकी वसूली करता है। अपना पैसा वसूल हो जाए तो सरकारी कर्मचारी को वसूली बंद करना चाहिए लेकिन वसूली की आदत हो जाती है तो वह इसे अपना अधिकार समझता है। वह तो समझता है कि वह कोई अपराध थोड़ी न कर रहा है, वह तो लोगों का मदद करता है, इसके एवज में लोग उसे खुशी खुशी पैसा देते हैं। अच्छा लगता है जब कोई सरकार कहती है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है, वह भ्रष्टाचार होने नहीं देगी। वह भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेगी।लेकिन कभी कभी कार्रवाई करने वाली सरकार को कार्रवाई करने वक्त सोचना पड़ जाता है कि वह अब कैसे कार्रवाई करे। हाल ही में आबकारी घोटाले में 30 आबकारी अधिकारियों की घोटाले में संलिप्तता पाई गई है .बताया गया है कि यह अफसर जिले में पदस्थ होकर शराब बेचने वाले सिंडिकेट का सहयोग करते थे।इनमें 21 अफसरो के नाम एफआईआर में दर्ज है.बाकी 9 अफसरों की जानकारी जांच के दौरान मिली है।जांच एजेंसी ने इनके खिलाफ मुकदमा चलाने सरकार से स्वीकृति मांगी लेकिन सरकार परेशान है कि क्या किया जाए।सरकार मंजूरी देती है तो आधा विभाग खाली हो जाएगा। जिले में आबकारी अधिकारी ही नही बचेंगे। जो आबकारी फंसे हैं उनका तर्क है कि हम लोगों को काम करते 10 से 20 साल हो गए हैं। हम लोगों ने कई सरकारों में काम किया लेकिन कभी आरोप नहीं लगा। पिछली सरकार में हम पर दवाब बनाकर काम करवाया गया।अब वर्तमान सरकार के समय भी काम कर रहे हैं कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है।उनका सीधा कहना है कि गलती हमारी नहीं गलती तो सिस्टम की है। हर सरकार में ऐसे लोग भी मिल जाएंगे जो साबित कर देंगे कि वह गलत नहीं है, वह तो गलत काम करना नहीं चाहते हैं लेकिन उनको गलत काम करने को मजबूर कर दिया जाता है। ऐसे लोगों की संख्या कम हो तो सरकार भी कार्रवाई करती है लेकिन जब संख्या ज्यादा हो जाती है तो उसको सोचना पड़ता है, भले ही वह कहे कि भ्रष्टाचार के मामले में हमारी नीति जीरो टालरेंस की है। कुछ जगह भ्रष्टाचार को तकनीक का प्रयोग कर रोका जा सकता है, वहां तो सरकार को तकनीक का प्रयोग कर भ्रष्टाचार जरूर रोकना चाहिए। पीएम मोदी के आने के पहले गरीबों के खाते में जो पैसा जाता था उसके बारे में तब की सरकार कहती थी कि हम यहां से एक रुपए भेजते हैं तो लोगों तक मात्र 15 पैसे पहुंचते हैं। यानी तब की सरकार का मालूम था कि एक रुपए में 85 पैसे भ्रष्टाचार होता लेकिन वह कुछ कर नहीं पाती थी। क्योंकि तब भी सामूहिक रूप से ऊपर से लेकर नीचे तक अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार को गलत नहीं मानते थे, वह तो उसे अपना अधिकार समझते थे। तब के पीएम के पास इस भ्रष्टाचार को रोकने का कोई उपाय नहीं था। पीएम मोदी ने इस भ्रष्टाचार को रोकने का उपाय ढूंढा. उन्होंने जिन लोगों को पैसा देना है, उन लोगों के खाते बैंकों में खुलवाए और आनलाइन उनके खाते में पैसे डाले। अब पीएम मोदी दिल्ली से एक रुपए भेजते हैं तो लोगों को खाते में एक रुपए मिलता है। अब सरकार के पास आनलाइन भुगतान का तरीका है तो बहुत से लोगों को सीधे खाते में पैसा मिलता है और कोई भ्रष्टाचार नहीं होता है। लेकिन कई जगह भ्रष्टाचार करने के लिए ही नगद भुगतान की व्यवस्था की जाती है।छत्तीसगढ़ में करोड़ो का तेंदूपत्ता घोटाला होने के बाद सरकार ने फैसला किया है कि यहां होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए 70 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाते खुलवाए जाएंगे।राज्य सरकार के निर्देश पर अब वनविभाग 70 हजार बैंक खाते खुलवाने में जुटा हुआ है।इसके लिए बैंक व पोस्ट आफिस में खाते खुलवाए जा रहे है। खाते तो वनविभाग पहले भी खुलवा सकता था लेकिन तब करोड़ो का भ्रष्टाचार संभव नहीं हो पाता इसलिए जब भी तेंदूपत्ता संग्राहकों को खाते में पैसा देने की बात की गई तो खबरे छपवाई जाती थी कि आदिवासियों को इसमें दिक्कत होगी उनको तो नगद भुगतान करने में ही सुविधा होगी।आदिवासी तो नगद भुगतान चाहते हैं। सरकार राशन दुकान सहित जहां भी तकनीक के जरिए भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास करती है तो जनता को परेशानी के नाम पर उसे रोकने का प्रयास होता है।लोगों को तकनीकी खराबी के नाम पर परेशान किया जाता है ताकि वह सरकार से शिकायत करे और काम पुराने तरीके से हो और पहले की तरह भ्रष्टाचार चलता रहे।सरकार को भ्रष्टाचार रोकना है तो जहां जहां भी नगद भुगतान की व्यवस्था है,वहां आनलाइन पैसे लेने व देने की व्यवस्था करे। जनता के नाम पर शिकायत करने पर भी आनलाइन व्यवस्था को न बदले।तेंदूपत्ता संग्राहकों को पहले ही आनलाइन पैसा खाते में देने की व्यवस्था कर दी गई होती तो करोड़ो का भ्रष्टाचार नहीं होता।



गंभीर समस्या

# कौन है फर्जी,कौन है नकली कैसे हो पहचान ?

**तनवीर जाफरी**



नकली और मिलावटी वस्तुओं यहाँ तक कि मिलावटी खाद्य सामग्री,नकली जीवन रक्षक दवाइयां,जहरीले फल व सब्जियाँ,मिलावटी घी, पनीर, दूध, खोया, मिलावटी मिठाइयां, मिलावटी मसालों जैसी अनेक चीजों का कारोबार हमारे देश में दशकों से बेरोकटोक होता आ रहा है। और न जाने कितने लोग ऐसी खाद्य वस्तुओं के सेवन से मौत की गोद में भी समा चुके हैं। जब कभी ऐसा कोई नेटवर्क कानून की गिरफ़्त में आता है तो उसकी खबरें भी प्रकाशित होती हैं। परन्तु ऐसी नकली और मिलावटी वस्तुओं के उत्पादक, निमार्ता,वितरक व विक्रेताओं के विरुद्ध सरकार व प्रशासन क्या और कितनी कार्रवाई करता है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह जानलेवा धंधा कम होने के बजाये और भी अधिक फलता फूलता जा रहा है। हद तो यह है कि देश में तमाम ब्रांडेड सामग्रियां भी नकली बिक रही हैं। मगर कोई पूछने वाला नहीं है। जाहिर है यह सब नक़्क़ालों,मिलावटखोरों तथा प्रशासन के मिलेजुल नेटवर्क का ही परिणाम है। और शायद सरकार व प्रशासन की इसी अनदेखी का ही नतीजा है कि अब केवल खाद्य सामग्री या दैनिक उपभोग की वस्तुयें मात्र ही नकली या मिलावटी नहीं बल्कि यही फर्जी लोग बड़े बड़े सवेदनशील पदों को भी कलंकित करते दिखाई दे जाते हैं।

हमारे देश में कभी कोई फर्जी आई ए एस पकड़ा जाता हो तो कभी कोई फर्जी आई पी एस अधिकारी बना घूमता रहता है। हद तो यह है कि अब तो देश में न केवल स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताने वाला गुजरात का एक फर्जी व्यक्ति पकड़ा जा चुका बल्कि गत दिनों तो एक नकली हार्ट सर्जन तक गिरफ़्तार किया गया। देश के सुधी व जागरूक लोगों को याद होगा कि मार्च 2023 में श्रीनगर में किरण पटेल पुत्र जगदीश पटेल नाम के एक फर्जी व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा गया था। यह ठग खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताता था तथा जेड प्लस सुरक्षा के साथ बुलेटप्रूफ गाड़ी पर चला करता था। जबकि जेड प्लस सुरक्षा पर प्रति व्यक्ति 40 से 45 लाख रुपए महीना तक का खर्च होता है। ठग पटेल हमेशा फाइव स्टार होटल में ही ठहरा करता था। प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बनकर ही वह जगह जगह की यात्राएं करता था और इसी आधार पर वह सरकारी सुख सुविधायें भी लिया करता था। खुफिया एजेंसी के अलर्ट के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 2 मार्च 2023 को उसे गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तारी के समय उसके पास से कई फर्जी विजिटिंग कार्ड भी बरामद किए गए। पटेल के बारे में विस्तृत जांच से पता चला कि उसके विरुद्ध गुजरात में पहले से ही ठगी के तीन मामले दर्ज थे।




उसके बावजूद उसके हौसले इतने बुलंद थे कि बाद में भी कई महीने तक यह ठग स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का उच्चाधिकारी बताकर घूमता रहा। उसके झांसे में आकर तमाम अधिकारी उसकी खुशामद में लगे रहते। सुरक्षा एजेंसियों की इससे बड़ी नाकामी और क्या हो सकती है ? जरा सोचिये कि एक तरफ तो जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक हैं जिन्हें जेड प्लस सुरक्षा व बुलेटप्रूफ गाड़ी मिलनी चाहिये परन्तु उनकी सुरक्षा के लिये तो केवल एक निजी अधिकारी तैनात किया गया जबकि गुजरात का एक ठग यह सभी सुविधायें लेकर सुरक्षा एजैंसियों व बड़े बड़े अधिकारियों की आँखों में धूल झोंककर घूमता रहा ? पिछले दिनों ऐसा ही एक और दिल दहलाने वाला मामला सामने आया। फर्जी डॉक्टर तो देश में बहुत सुने गए थे परन्तु फर्जी हार्ट सर्जन मैं ने तो कभी नहीं सुना।मध्य प्रदेश के दामोह में अपना नाम एन जॉन केम बताने वाला एक व्यक्ति एक निजी ईसाई मिशनरी अस्पताल में सेवारत था। वह स्वयं को प्रसिद्ध ब्रिटिश डॉक्टर व कार्डियोलॉजिस्ट बताया करता था। जबकि जांच के बाद पता चला कि उस कथित डॉक्टर का वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। यह मिशनरी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार से पैसे भी लेता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस फर्जी व्यक्ति ने अनेक मरीजों की हार्ट सर्जरी तक कर डाली। परिणाम स्वरूप एक महीने में ही इसके द्वारा हार्ट सर्जरी किये गये 7 मरीजों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार मरने वाले मरीजों की संख्या इससे ज्यादा भी हो सकती है।

इस का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि देश में कितने फर्जी डॉक्टर बिना योग्यता के मेडिकल प्रैक्टिस कर रहे हैं,अपना अस्पताल चला रहे हैं यहाँ तक कि मरीजों की शल्य चिकित्सा तक कर रहे हैं। और तो और हमारे देश में नकली धर्मगुरु व उपदेशक का रूप धारण किये अनेक लोग घूम रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं जिन्हें उनके भक्तगण देवता तुल्य समझते थे परन्तु जब उनका वास्तविक चरित्र उजागर हुआ तो पता चला कि वे संत नहीं बल्कि राक्षस हैं,व्यभिचारी,बलात्कारी व हत्यारे हैं। ऐसे नकली लोग अपने अनुयायियों को कितना बड़ा धोखा देते रहे हैं ? इसी तरह देश के एक बाबा रुपी व्यक्ति ने पहले तो योग विद्या के द्वारा लोगों को स्वस्थ रखने के नाम पर जनता में अपनी पैठ बनाई। उसके बाद वही व्यक्ति अंग्रेजी दवाइयों व विदेशी वस्तुओं के विरुद्ध प्रवचन देकर लोगों में राष्ट्रभक्ति जगाने लगा और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की वकालत करने लगा। फिर बड़े ही सुनियोजित तरीके से अपने धनाढ्य व्यवसायी अनुयायियों के सहयोग से वह स्वयं अपनी कम्पनी खोलकर अनेक उत्पाद स्वदेशी के नाम पर बेचने लगा। और अब इसी बहुरूपिये ने ताजातरीन विवाद एक ऐसे स्वदेशी आयुर्वेदिक शीतल पेय को लेकर खड़ा कर दिया है जिसकी देश ही नहीं विदेशों में भी भरपूर मांग है। परन्तु केवल अपना ब्रांड बेचने के लिये इसे साम्प्रदायिकता का जहर तक फैलाना पड़ा। यहाँ तक कि इसे 'शरबत जिहाद' तक बता डाला। जबकि अनेक बार इसके अपने अनेक उत्पाद मिलावटी,नकली व अनउपयुक्त पाए जा चुके हैं। परन्तु सत्ता संरक्षित इस फर्जी व चतुर व्यक्ति का कोई कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा। परिणामस्वरूप इसे बाजार में कुछ भी और कैसे भी बेचने की गोया पूरी छूट मिली हुई है। यही व्यक्ति है जो 2013-14 के दौरान पूरे देश में घूम घूम कर कहा करता था कि भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने पर पेट्रोल 35 रुपए लीटर हो जायेगा। अब तेल का दाम आसमान छू रहा है परन्तु यह स्वयंभु बहरूपिया बाबा खामोश है। और जब मीडिया उसे उसकी बात याद दिलाता है तो यह कहता है कि -'हाँ कहा था,क्या कर लेगा,मेरी पूँछ उखाड़ लेगा क्या ?' आज दुर्भाग्यवश हमारा देश ऐसे अनेक नकली व फर्जी लोगों से भरा पड़ा है। अशिक्षित लोग डिग्री धारी बनकर दुनिया को मार्गदर्शन देते घूम रहे हैं। आज देश के सामने इस बात का बड़ा संकट है कि जब समझदार,सुधी व शिक्षित लोग असली नकली,फर्जी व वास्तविक में भेद नहीं कर पा रहे तो आखिर देश का सीधा सादा आम आदमी इन वेशधारियों नकली व फर्जी लोगों की पहचान कैसे करे ?

## राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई आदत को लेकर जीवनसाथी आपसे नाराज रहेंगे, लेकिन आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें, क्योंकि आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से मन परेशान रहेगा। विद्याथियों को कोई स्कॉलरशिप आदि मिल सकती है। आपकी मेहनत रंग लाएगी। माताजी आपकी किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी। आपको बाहर के कामों के साथ-साथ घर के कामों को करने के लिए भी समय निकालना होगा।

**वृषभ-** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल होगी और पार्टनरशिप में भी आज आपको अच्छे बेनिफिट मिलेंगे। आपकी अच्छी सोच से आप अच्छा लाभ कमाएंगे, लेकिन आपको किसी से कोई बात सोच समझकर बोलनी होगी, नहीं तो उन्हें कोई बात बुरी लग सकती है। परिवार में बेवजह की कहासुनी होने से रक्त संबंधी रिश्तों में दूरियां सकती हैं। आपको इस पर पूरा ध्यान देना होगा।

**मिथुन-** आज आपको आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना बेहतर रहेगा, क्योंकि आपकी इनकम तो बेहतर होगी, लेकिन आपके खर्च अधिक रहेंगे, जिससे आपकी समस्याएं बढ़ेगी। आपको अपने गुप्त शत्रुओं से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके आसपास में कोई लड़ाई झगड़ा हो सकता है, जिसमें आपको पड़ने से बचना होगा। आप किसी मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं, जिसके लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको परिवार वाले वरिष्ठ सदस्यों की बातों को सुनकर कोई निर्णय लेना बेहतर रहेगा। परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखना होगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा हो सकता है। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको नौकरी में मनपसंद काम न मिलने से आप परेशान रहेंगे। आपकी संतान ने यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसके परिणाम बेहतर रहेंगे। आप शौक मौज की चीजों की खरीदारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे, लेकिन आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं, नहीं तो इससे कोई दुर्घटना होने की संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का साथी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बातचीत करेंगे।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए धन को लेकर सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपके परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आपके परिवार में समस्याएं फिर से शुरू हो सकती हैं। जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आपकी संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला मिलने से आपका मन खुश रहेगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आपको अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करना होगा, तभी आप अच्छा लाभ कमा पाएंगे। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त होगी, लेकिन आपकी खर्च करने की आदत के कारण आप बचत कम कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा निर्णय लेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी, जिससे दोनों अपने रिश्ते में आगे बढ़ेंगे। आप किसी कानूनी मामले को लेकर परेशान रहेंगे।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। एक साथ काफी काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढेग़ी। आपके दिए गए सुझाव आपको खूब पसंद आएंगे। नौकरी में भी आप कुछ योजना बना सकते हैं, लेकिन जो लोग बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर ही आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा, नहीं तो कोई उनको काम को लेकर गलत सलाह दे सकता है, जिससे उनका कोई नुकसान होने की भी संभावना है।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप मौज मस्ती भरा जीवन जिएंगे, क्योंकि आप कामों को लेकर टेंशन थोड़ा कम लेंगे। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती है, लेकिन आप उनसे घबराएंगे नहीं। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा। किसी दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में भी समस्याएं आ सकती है। आप किसी दूसरे के मामले में पड़े, तो इससे आपको किसी कानूनी मामलों का सामना करना पड़ेगा। आपकी कोई दिल की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। विद्याथियों को पढ़ाई-लिखाई में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियर से बातचीत करनी होगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस उनके कामों की सराहना करेंगे और उन्हें कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। यदि आपने पहले कोई इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आने वाला है। आपको किसी बात को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी, लेकिन आप उसके लिए अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं।

व्यंग्य

# धनकुबेरों के लिए ऋण माफी, गरीबों के लिए उपदेश

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



किस्सों-कहानियों की पावन भूमि भारत में, जहाँ सम्पन्नता की नदियाँ केवल कुछ चुने हुए लोगों के लिए बहती हैं, एक भयंकर आर्थिक संकट आ गया। सरकार, जो अपनी दूरदर्शिता के लिए जानी जाती है, तुरंत एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाती है—नहीं, नहीं, किसानों की भुखमरी या छोटे व्यापारियों के डूबते कर्ज को हल करने के लिए नहीं, बल्कि एक नई नीति तैयार करने के लिए: ₹चांदी की चम्मच वालों के लिए सोने की बेलआउट योजना। इस क्रांतिकारी योजना के तहत, वे अरबपति जिन्हें शेयर बाजार में जुए में हार का सामना करना पड़ा था, उन्हें तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। दूसरी ओर, जो किसान 50,000 का कर्ज चुकाने में असमर्थ थे, उन्हें मेहनत, धैर्य और उपवास के गुणों पर प्रवचन दिए गए। आखिरकार, थोड़ी सी भूख सह लेना कौन-सी बड़ी बात है, जब बदले में सहनशीलता का अनमोल पाठ पढ़ने को मिले? एक भव्य समारोह में, जो मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा, एक कर्ज में डूबे कॉर्पोरेट टाइकून के 20,000 करोड़ का ऋण माफ कर दिया गया, जबकि 5,000 का कर्ज न चुका पाने पर एक किसान को जेल भेज दिया गया। सच्चाई के प्रति समर्पित मीडिया ने इस दौरान देश की आर्थिक मजबूती का प्रमाण देते हुए उस अरबपति के शानदार यॉट ट्रिप की तस्वीरें प्रसारित कीं। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के एक छोटे सब्जी विक्रेता को एक जाने-माने वित्तीय विशेषज्ञ ने प्राइम टाइम डिबेट में ज्ञान दिया—अगर 100 किलो प्याज नहीं खरीद सकते तो कुछ और खा लो, आखिर भूख से कभी कोई मरा तो नहीं! सरकार ने ₹राष्ट्रीय उपवास सप्ताह₹ की घोषणा की, जिसमें आम नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने उपभोग को कम करके GDP में योगदान दें। इधर बैंक, हमेशा की तरह, रसूखदारों के लिए दरियादिल बना रहा और एक और हजारों करोड़ के कॉर्पोरेट ऋण को बट्टे खाते में डाल दिया। वहीं, महाराष्ट्र के एक बुजुर्ग किसान को बैंक की तरफ से प्रेरणादायक पत्र मिला—₹एक हफ्ते में कर्ज चुकाओ, वरना जमीन नीलाम होगी।₹ बैंक की चिंता से अभिभूत उस किसान ने तुरंत एक स्थानीय साहूकार से 200% ब्याज पर नया कर्ज लिया ताकि बेइज्जती से बचा जा सके। इस समर्पण से प्रभावित सरकार ने उसकी मृत्यु के बाद सम्मान दिया और उसके नाम पर एक सरकारी योजना शुरू कर दी, ताकि भविष्य में और लोग भी इस प्रेरणा से लाभान्वित हो सकें। इस दरियादिली से अभिभूत सत्ताधारी मंत्री आर्थिक सुधारों का अध्ययन करने के लिए एक हफ्ते की विदेश यात्रा पर निकल पड़े। उधर, मध्यम वर्ग के लोग अपने बौद्धिक कौशल का उपयोग यह बहस करने में कर रहे थे कि ₹क्ख्छ फिक्स था या नहीं?₹ जब अरबपतियों ने टैक्सपेयर के पैसे से अपना बिजनेस साम्राज्य बढ़ाया, तो आम जनता को याद दिलाया गया—

हम सब एक ही नाव में हैं! टीवी डिबेट्स में गूंज उठा—सादगी सबसे बड़ी पूंजी है! कम खर्च करो, देश आगे बढ़ेगा! आम जनता ने कमर कस ली, लेकिन नेता लोग पांच सितारा होटलों में प्रेरणा के माध्यम से गरीबी उन्मूलन पर भाषण देने में व्यस्त थे। वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही, वित्त मंत्री मुस्कुराते हुए टेलीविजन पर प्रकट हुए—अर्थव्यवस्था पहले से मजबूत हो गई है!

वह सच कह रहे थे—

शॉपिंग मॉल्स बेरोजगार युवाओं से भरे पड़े थे, जो सेल्फी खींच रहे थे। लक्जरी कारों की बिक्री बढ़ गई थी—नेताओं और उनके बेटों के बीच। किसान भी अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे थे—अपनी जमीन बुलेट ट्रेन के लिए दान करके, जिस पर वे कभी सफर नहीं कर पाएंगे। भावुक होकर, एक अरबपति जिसने अभी-अभी सरकारी मदद से बचाव पैकेज लिया था, गर्व से बोला—

मैंने बैंकों को लूटा, लेकिन देश से गद्दारी तो नहीं की! संसद में इस पर जोरदार तालियां बजीं।

इस तरह, भारत के इस महान देश में, जहाँ आम लोग हमेशा कड़वाहट लिए जीते हैं और आम (ngoes) हमेशा मीठे होते हैं, न्याय अपनी ईश्वरीय गति से चलता रहा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और दर्शनशील। अर्थव्यवस्था एक भव्य मृगतृष्णा बनी रही, जो केवल उन्हीं को लुभाती थी जो करीब से देखने की हिम्मत नहीं करते थे। वर्ष का अंत रिकॉर्ड GDP वृद्धि के साथ हुआ—आर्थिक असमानता की। रात को राष्ट्र चैन की नींद सो गया, अच्छे दिनों के सपने देखते हुए, जो कभी आने वाले नहीं थे.उधर, एक और कॉर्पोरेट दिग्गज अपने कर्ज चुकाए बिना प्राइवेट जेट में सवार हुआ, करदाताओं की ओर देशभक्ति से हाथ हिलाते हुए, जिन्होंने अनजाने में उसकी उड़ान का खर्च उठाया था!

चिंतन

# ये जीवन है इस जीवन का यही है...

**मनोज कुमार अग्रवाल**

दांपत्य जीवन में बिखराव किस तरह एकल पति अथवा पत्नी के जीवन को संघर्षमय बना देता है और उस पर कभी कभी विधाता की निष्ठुरता कैसे जीवन को त्रासद बना देती है आज इस सत्य घटना के माध्यम से समझने की कोशिश की है। अभी सोमवार सुबह सवेरे छोटी बेटी उठी तो अचानक रुआंसी मेरे पास आई उसने बताया कि अंजू मैडम का निधन हो गया। इंस्टा पर स्टेटस में लगी सूचना से इस अप्रत्याशित दुखद सूचना से गहरा धक्का लगा।बेटा भी सूचना से स्तब्ध रह गया क्यों कि उस पर अंजू मैम का स्नेह सदैव रहता था स्कूल छोड़ने के छह साल बाद भी। दरअसल अंजू तिवारी डीपीएस एनटीपीसी में म्यूजिक टीचर थी। 2015 में हमने अपने पुत्र और छोटी बेटी का एडमिशन डीपीएस एनटीपीसी में कराया था वहां दोनों बच्चे मैडम के परिचय में आए। मैडम की बेटी हमारे बेटे की क्लासमेट रही।डीपीएस एनटीपीसी बीस किलोमीटर दूर है कई बार अचानक फीवर या हैडक होने पर अंजू मैम हमारे दोनों बच्चों को एक टीचर से अधिक ममत्व और संरक्षण देती रहीं और लोकल गार्जियन बनी यही वजह है कि कभी पिलखुवा से उन्हें कुछ कंबल बैडशीट खरीदना होता तो तुरंत सम्पर्क कर यहां आती और संबंध प्रगाढ़ बने रहे। एक सप्ताह पहले ही मैम पिलखुवा आई थी तो बेटे को काल कर बुलाया और बताया कि वह दिसंबर में सर्विस से एच्छिक रिटायर हो रहीं हैं पुत्र पुत्री दोनों सर्विस पर सैट है और उनकी शादी जल्द करने की प्लानिंग की भी जानकारी दी लेकिन एक सप्ताह के भीतर ही उनके निधन का स्तब्ध करने वाला दुखद समाचार भीतर तक झकझोर गया। आज सुबह दोनों बच्चों के साथ मैम के अंतिम दर्शन के लिए एनटीपीसी पहुंचा।वहां उनके स्नेह से सिंचित अनेक पूर्व छात्र छात्रा सजल नेत्रों से अपनी सहृदया मैडम के आखिरी दर्शन के लिए मौजूद थे। वहीं पता चला कि मैम का उनके पति से दशकों की कानूनी प्रक्रिया के बाद चार माह पहले ही डाइवर्स हुआ था। उनके पति भी वादन कलाकार है बड़े इवेंट में संगीत देते हैं लेकिन दोनों के बीच आपसी तालमेल नहीं बनने के कारण लंबे अर्से से



मैम अलग रहते हुए अपने दोनो बच्चों पुत्र पुत्री को बहतरीन परवरिश दी उच्च शिक्षा दी दोनों को परमानेन्ट जॉब भी सैटल हुआ अब दोनों के विवाह की तैयारी कर रहे थे लेकिन विधाता कई बार कैसी तकदीर लिख देता है अस्थमा की क्रानिक पेशेंट थी चार पांच दिन फ्लू से एकाएक पीड़ित होकर एक प्राइवेट हास्पिटल के आइसीयू में रही कुछ आराम हुआ तो रूम में शिफ्ट किया गया लेकिन आठ दस घंटे बाद ही सीधा वेंटिलेटर पर पहुंच गयीं और जिंदगी के तमाम सपने बीच में ही छोड़ प्रयाण कर गयीं। सोचने के लिए विवश हूँ पूरी जिंदगी ही मैम की संघर्ष में निकल गयी जब उनके सुख का समय आने पर था जीवन का दीपक ही बुझ गया। ऐसा क्यों होता है ?

संगीत में लय और ताल के महत्व को समझने और संगीत में पूरी उम्र खपा देने वाले शिक्षित ही नहीं बल्कि संगीत के शिक्षक दांपत्य की लय ताल मिलाने में असफल हो गए क्या सब प्रारब्ध नहीं है ? ऐसे ही अनेकों प्रश्नों ने आज दिलो दिमाग को घेर रखा। सवाल उठता है कि जो मैम सोसाइटी में सबसे अच्छा व्यवहार करती थी अपने स्कूल के बच्चों के लिए अपने कार्य क्षेत्र की सीमा से बाहर निकल कर मातृत्व की छाया प्रदान करती थी ऐसा क्या होता है कि वह अपने दांपत्य जीवन को नही बचा सकी ?क्या वह जीवन साथी से सम्मान और सद्व्यवहार की हकदार नहीं थी? दरअसल इंसान किसी भी परिस्थिति से एक हद तक ही समझौता करता है या कर सकता है लेकिन जब परिस्थितियां हाथ से बाहर निकल जाए तो वह उन्हें अनुरूप बनाने मे लाख कोशिश के बाद भी असफल हो जाता है ।मैडम के पास सब कुछ था अपना फ्लैट गाड़ी अपनी जॉब एक शिक्षित लोगों के समाज के बीच रहन सहन। लेकिन इस सबको उन्होंने कितने संघर्ष के बाद हासिल किया था सिर्फ अपने बच्चों के भविष्य के लिए। लेकिन विधाता को यह भी मंजूर नहीं था जब वह ऐच्छिक अवकाश लेकर पुराने अतीत से बाहर आकर शांत जीवन जीने की तैयारी में जुटी थी उम्मीद कर रही थी उनके जीवन में संघर्ष के दिन खत्म हो रहे हैं तब अचानक जीवन की डोर ही टूट गयी। दरअसल जीवन में क्या लिखा है कोई नही जानता ? एक ऐसे समय पर जब बीस साल से अपने बूते पर अपने बच्चों की परवरिश के लिए संघर्ष कर रही महिला के जीवन में सुख शांति के रोशनी की उम्मीद बन रही थी दिसंबर में ऐच्छिक रिटायर्मेंट के बाद एनटीपीसी का रिहाइशी क्वार्टर छोड़ कर ने निजी फ्लेट में रहने की तैयारी और बच्चों की शादी का मुहूर्त निकालने की प्रक्रिया में जुटी हुई थी लेकिन अनायास ही उनके जीवन का परदा गिर गया।

क्यों होता है ऐसा ? आज सुहागिन होने के बावजूद सिर्फ चार माह पहले डाइवर्स डिक्री होने के बाद मैम सैपरेटेड बतौर अर्थी पर थीं और उस व्यक्ति को अंतिम दर्शन भी नसीब नहीं हुआ जो उनके साथ सात वचन का जीवन साथी बना था। कितना बेबस होता है इंसान। तैयारी सौ बरस की लेकिन पल की खबर नही होती। कोई नहीं जानता है कि अगले पल क्या होने वाला है ? बहुत मार्मिक अंत है मैडम के जीवन और उनके संघर्ष का। उन्होंने अपनी मेहनत और संघर्ष के बूते पर सब केसे हासिल किया। लेकिन ईश्वर के विधान के आगे किसी का वश नहीं चलता है ? विधाता कैसे लेख लिख देता है ? इंसान के हाथ में बहुत कुछ होकर भी कुछ नहीं होता है। ईश्वर दिवंगत मैडम को श्रीचरणों में स्थान दें उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें उनके बच्चों के जीवन में सुख शांति और अनुकूल परिस्थितियां बने ईश्वर से यही प्रार्थना है ओम शांति।

**एक नजर**

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**भोपालपटनम,15 अप्रैल।** भोपालपटनम मे संविधान निर्माता एवं भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया ग्राम गोटाईगुडा बी.टी.आई चौक मे स्थापित डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना करते हुए माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया कार्यक्रम मे उपस्थित वक्ताओ ने अपने सम्बोधन मे डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा दिये गये योगदान को याद किया इसी तरह ग्राम वरदली एवं रूदराम मे भी बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया बी.टी.आई. चौक मे आयोजित कार्यक्रम मे जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता कुडेम उपाध्यक्ष नीलम गणपत पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी सरपंच सरिता गोटा सी.ई.ओ. जनपद पंचायत (डिप्टी कलेक्टर) दिलीप उइके,चेताल सम्मैया गणमान्य नागरिक पत्रकारबंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे मंच संचालन तकनीकी सहायक सिद्धार्थ अम्बाला किया।

## डॉ .भीमराव अम्बेडकर जयंती पर जिला पंचायत में समारोह आयोजित

**दंतेवाड़ा, 15 अप्रैल ।** भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले, सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले, सामाजिक समरसता के जन नायक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल पर जिला पंचायत में आज गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दलित एवं वंचित वर्गों के अधिकारियों के लिए सदैव संघर्ष किया। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। वर्तमान में जो राजनैतिक और सामाजिक अधिकार हमें प्राप्त हुए है वो बाबा साहब की ही देन है।इसके साथ ही क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान के रचयिता डॉ अम्बेडकर के आदर्श एवं सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार नागरिकों के महत्वपूर्ण अधिकार है। जिनका उद्देश्य नागरिकों की स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना है। इन मौलिक अधिकारों के सृजन का श्रेय भी डॉ अम्बेडकर को है। आज हम आन बान,शान से अपनी जिम्मेदारियों का वहन कर रहें है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को निर्वाचन का अधिकार मिला है इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दलितों के उत्थान और उनके राजनैतिक अधिकारों में संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में बाबा साहब का नाम सदैव अमर रहेगें।

# पानी की समस्या हल करने गुरु गोविंद सिंह वार्ड के कंगोली पटेलपारा में कराया गया बोर खनन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,15 अप्रैल।** जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा एवं दिशा निर्देश पर नगर पालिका निगम जगदलपुर के महापौर संजय पांडे के प्रयास से एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा एवं गुरु गोविन्द सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में पानी की समस्या से निपटने वार्ड क्रमांक 36 मे कंगोली सरस्वती शिशु मंदिर के सामने पटेल पारा मे बोर खनन का कार्य सोमवार को स्थानीय पटेल पुजारी द्वारा पूजा करके प्रारम्भ किया गया।

बस्तर जिला मुख्यालय के निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से निजात पाने के लिए नगर निगम ने लगभग दो दर्जन से अधिक वार्डो के लिए 27 बोरिंग स्वीकृत कराया गया है जिसमें गुरु गोविंद सिंह वार्ड के लिए 4 बोरिंग स्वीकृत हुए हैं। जिसमें पटेल पारा, प्रधानमंत्री अटल आवास,अघनपुर एवं धरमपूरा है।भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा हम सब का प्रयास है कि नगर के हर वार्ड तक जरूरी सुविधाएं, विशेष कर जल आपूर्ति समय पर पहुंचे। सभी वर्ग के लोगों को पानी की सुविधा मिल सके।महापौर संजय पांडे ने कहा इन जगहों पर बोरिंग होने से एवं पानी उपलब्ध होने पर सैकड़ो परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। गर्मी में इस बार हालात न बिगड़े इसलिए इसके लिए निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। महापौर संजय पांडे ने जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव का धन्यवाद ज्ञापित किया है। सांसद महेश कश्यप के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की है।जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा नगर निगम को 27 बोरिंग की स्वीकृति प्रदान करने हेतु सभी का धन्यवाद प्रेषित करना चाहता हूं। विधायक किरण सिंह देव के दूर दृष्टि एवं जनता के प्रति भावनात्मक लगाव से यह कार्य संपन्न हो रहा है। गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा जगदलपुर के ऊर्जावान विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा पर गुरु गोविंद सिंह वार्ड में बोरिंग स्वीकृत हुई है वार्ड वासियों की तरफ से मैं उन्हें धन्यवाद प्रेषित करता हूं. जगदलपुर के महापौर संजय पांडे एवं अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन के अथक प्रयास से यह काम संभव हो सका है। मैं उन्हें भी धन्यवाद प्रेषित करता हूं। क्षेत्रीय विधायक किरण सिंह देव एवं सांसद महेश कश्यप जनता के प्रति एवं क्षेत्रीय विकास के लिए संवेदनशील है। विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे एवं नगर अध्यक्ष प्रकाश झा का जिनकी उपस्थिति में बोर खनन कार्य प्रारंभ हुआ। बोर खनन का उद्देश्य ही है कि गंभीर पेयजल संकट के दौर से वार्ड वासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्याम सुन्दर बघेल, बलिराम कश्यप,अविनाश सिंह गौतम,सुरेश कश्यप,गीता नाग, ममता राणा,बंटू पांडेय, शशि नाथ पाठक,राजू बघेल,रितेश सिन्हा,रमा सवनक, दिलीप ठाकुर,प्रेम सेठीया सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

# जिले में मिलेट्स की खपत जानने के लिए किया सर्वेक्षण



**सुकमा,15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीएसआईआर-केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (CFTRI), हैदराबाद के वैज्ञानिकों की एक टीम श्री ए. नागेन्द्र, श्री के. श्री निवासुलु एवं श्री नंद किशोर साहू ने कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा की सहायता से जिले में एक सर्वेक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिकों ने केवीके फार्म, सुकमा तथा छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कोकावाड़ा और लिटीरास का दौरा किया। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण, शहरी और आदिवासी समुदायों में मिलेट्स (मोटे अनाजों) की खपत केपैटर्न का अध्ययन करना था। इस दौरान केवीके सुकमा की टीम, जिसमें वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच.एस. तोमर, डॉ. योगेश कुमार सिदार, डॉ. संजय सिह राठौर, श्रीमती मयूरी ठाकुर एवं श्री परमेश सिंह सोरी शामिल थे, ने वैज्ञानिकों को स्थानीय स्तर पर मिलेट्स की स्थिति और जनजागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। श्री एच. एस. तोमर ने रागी (जिसे स्थानीय भाषा में मडिया या फिंगर मिलेट कहा जाता है) के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह एक सुपरफूड है, जो प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम जैसे कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है और संतुलित आहार के लिए अत्यंत उपयोगी है। सर्वेक्षण के दौरान कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री नरेश साहू एवं उनकी टीम ने भी सक्रिय रूप से कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिससे यह सर्वेक्षण सुचारु रूप से संपन्न हुआ। यह सर्वेक्षणक्षेत्रीय लोगों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने, मोटे अनाजों के महत्व को रेखांकित करने औरपोषण - सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रंग लाई सांसद की पहल,अब बस्तर को मिलेगा इंद्रावती से उसके हिस्से का 49 फीसदी पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,15 अप्रैल।** विगत एक माह से बस्तर जिला जल संकट से जूझ रहा था इसका कारण बस्तर की प्राण दाहिनी इंद्रावती नदी का जल जोरा नाल में अधिक मात्रा में प्रवाहित होना था।

इस वजह से बस्तर में इंद्रावती नदी सूखने के कगार पर पहुंच गई थी और किसने की खड़ी फसल चौपट हो गई थी किसानों के संकट को देखते हुए और इंद्रावती के जल संकट को देखकर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने इस विषय को विगत 3 अप्रैल को लोकसभा में उठाया था। इसके बाद केंद्र सरकार इस समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस मुद्दे पर अहम भूमिका निभाते हुए केंद्र सरकार को इंद्रावती जल संकट के विषय में अवगत कराया था इस मुद्दे पर रविवार को ओडिशा सरकार ने



कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ के हिस्से का 49 फ़ीसदी पानी प्रदान करने का आश्वासन दिया है इस संदर्भ में उड़ीसा सरकार ने जोरा नाला एनीकेट में लगाई गई बोरियों को भी हटाया है,जिससे बस्तर की इंद्रावती नदी में जल का प्रवाह बढ़ा है।ज्ञात रहे की बस्तर अंचल के किसानों ने सांसद महेश कश्यप से मिलकर इंद्रावती जल संकट के विषय में गुहार लगाई थी इसके बाद सांसद महेश कश्यप प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या के निदान का प्रयास कर रहे थे और लोकसभा में भी इस विषय को उठाया था।बस्तर सांसद और छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त प्रयास से आने वाले समय में इंद्रावती में जल संकट ना हो इसके लिए नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरानाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट,लूज बोल्डर,पत्थर,रेत की बोरी,मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने हेतु उड़ीसा राज्य के द्वारा तैयारी किया जा रहा है जिससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा एवं छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। इस पर आने वाला खर्च भी उड़ीसा सरकार देगी। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## पार्षदों ने बैठक में परिचय दिया

**जगदलपुर,15 अप्रैल।** नगर निगम जगदलपुर में आज शाम पार्षदों की परिचात्मक बैठक रखी गई। महापौर संजय पाण्डे ने यह बैठक बुलवाई। बैठक का शुभारंभ भारतीय संविधान के महानायक बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद महापौर ने सभी पार्षदों का स्वागत पुष्प देकर किया। बैठक में सभापति खेमसिंह देवांगन सहित एमआईसी सदस्य व पार्षद उपस्थित रहे। परिचात्मक बैठक में सभी ने एक एक कर अपना परिचय दिया। महापौर संजय पाण्डे ने कहा सभी एक साथ टीम भावना के साथ काम करें। जनता के कामों को प्राथमिकता दें। शहर विकास और नागरिकों के लिए बेहतर योजनाओं पर जोर दिया जाएगा। जनता के सुझावों के साथ शहर का चहुंमुखी विकास करेंगे। निगम के विकास में सभी पार्षदों को महापौर के रूप में मेरा सहयोग रहेगा।

# राज्य स्तरीय पुस्तक आपदा प्रबंधन एवं बचाव का विमोचन मंत्री टंकराम ने किया



**सुकमा,15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 'आपदा प्रबंधन एवं बचाव' नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन 13 अप्रैल को न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन रायपुर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।इस पुस्तक की संपादनकर्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के. शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया। इस टीम में सुकमा जिले की सम्मानित शिक्षिका श्रीमती ममता सिंह भी शामिल रहीं। पुस्तक में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से संबंधित जानकारी, सुरक्षा उपाय और आपातकालीन परिस्थितियों में किये जाने वाले व्यवहारिक कदमों को सरल भाषा में समझाया गया है।इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें त्तक्र कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह पुस्तक दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें।इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया गया, जो प्रदेश के शैक्षिक एवं आपदा प्रबंधन क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर संकेत करता है।पुस्तक के लेखन कार्य में 33 शिक्षकों के साथ मुख्य रूप से सुकमा जिले से श्रीमती ममता सिंह शामिल रहीं। उन्होंने सुकमा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर लेखन शैली से सुकमा जिले का नाम रोशन किया।

# कांग्रेसियों ने मनाई अंबेडकर जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,6 अप्रैल ।**भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब का नमन किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन और उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने देश के संविधान निर्माण में जो ऐतिहासिक योगदान दिया, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। उनके विचार और समता, स्वतंत्रता, और बंधुत्व के सिद्धांत आज भी हमें प्रेरित करते हैं।÷

वहीं उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके सामाजिक न्याय के प्रयासों को याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया गया।वही बीजापुर जिले के मद्देड, भोपालपाटनम, उसूर, गंगालूर, कुटरू और भैरमगढ़ ब्लॉक मुख्यालयों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किए है।

**जीत की बधाई**



**जगदलपुर,15 अप्रैल।** उत्कल समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महापौर संजय पाण्डे व निगम सभापति खेमसिंह देवांगन ने बधाई दी। दोनों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश दास, उपाध्यक्ष मनोज दास पट्ट जोशी, मथुरा प्रसाद तिवारी, सचिव सुमित महापात्र, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव, संगठन सचिव रमेश नंद, कार्यालय सचिव अच्युत सामंत सहित समाज के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



**सुकमा,15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं उपसंचालक पंचायत श्रीमती संध्या रानी कुर्रे के मार्गदर्शन में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं विभिन्न पंचायत स्तरों पर सामाजिक एकता, डिजिटल सशक्तिकरण और जनकल्याण से संबंधित विविध गतिविधियाँ आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के अंतर्गत प्रति विकासखंड से चयनित 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सीएससी सेवा प्रदाताओं के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की कार्यवाही भी की गई। जिले में पंचायत राज दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ की जानकारी भी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पंचायत एंबेसडरों का सम्मान तथा नई नियुक्तियाँ भी इस अवसर पर की गई। जल संरक्षण की दिशा में भी पहल की जाएगी, जिसमें भू-जल स्तर पर जानकारी दी जाएगी एवं वाटर हार्वेस्टिंग के लिए उपस्थित जनों को संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने लोगों को संबोधित किया। समारोह का समापन उपसंचालक पंचायत श्रीमती संध्या रानी कुर्रे के उद्बोधन से हुआ।कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री महेश कुंजाम, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका सुकमा अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्यगण, सरपंच, पंचायत विभाग के कर्मचारी और अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# किरंदुल नगर में मुख्य मार्ग की मरम्मत प्रारंभ नपा अध्यक्ष रूबी सिंह ने दिखाई तत्परता




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 15 अप्रैल।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह ने नागरिकों की प्रमुख समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में पहल करते हुए किरंदुल नगर के मुख्य मार्ग की मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवा दिया है।उल्लेखनीय है कि बस स्टैंड से कोड़ेनार चार नंबर तक का मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर नागरिकों ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय से कई बार शिकायत की थी, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले, समाधान नहीं।

वर्तमान में नगर पालिका का कार्यभार भाजपा की श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह के हाथों में है। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए मुख्य मार्ग की मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कार्य को तत्काल शुरू करवा दिया।श्रीमती सिंह ने आश्वस्त किया है कि नगर के विकास और नागरिक सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए छोटी-बड़ी सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। सड़क मरम्मत के साथ-साथ अन्य नागरिक समस्याओं के समाधान हेतु भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# अलग-अलग कार्रवाई में विस्फोटक सहित 7 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर,15 अप्रैल।** कब्जे से टीफिन बम, कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक, डेटोनेटर, बैटरी, इलेक्ट्रिक वायर एवं जमीन खोदने का औजार बरामद।डीआरजी, थाना भैरमगढ़ एवं थाना मिरतुर, छसबल 15/ई वाहिनी की अलग अलग संयुक्त कार्यवाही। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 14/04/2025 को थाना भैरमगढ़ से डीआरजी और थाना का बल कोलनार, डालेर की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी।अभियान के दौरान डालेर के जंगल से विस्फोटक के साथ 06 सक्रिय माओवादियों को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से टीफिन बम, कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक, डेटोनेटर, बैटरी 12 वोल्ट, बिजली का तार, खुदाई का औजार आदि बरामद किया गया 1. आयतु ओयाम ऊर्फ गुर्जु (कोलनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य) पिता बुला ओयाम उम्र 50 वर्ष निवासी कोलनार थाना भैरमगढ़2.फागु मिच्चा (कोलनार आरपीसी छ्ग्र्स्न्न् सदस्य) पिता हड़मा उम्र 45 वर्ष निवासी कोलनार थाना भैरमगढ़3. रामू वेको (कोलनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता मासो उम्र 24 वर्ष निवासी कोलनार थाना भैरमगढ़ 4.लक्ष्मण वेको (कोलनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता दासू उम्र 21 वर्ष निवासी कोलनार थाना भैरमगढ़ 5. रानू पोड़ियाम (कोलनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता भीमा उम्र 20 साल कोलनार थाना भैरमगढ 6.चमरू ओयाम (कोलनार आरपीसी संघम सदस्य) पिता स्व0पाण्डू उम्र 38 वर्ष निवासी कोलानार थाना भैरमगढ़ थाना मिरतुर एवं कैम्प चेरली 15/ई वाहिनी की संयुक्त कार्यवाही में बेचापाल गांडुकलपारा मोड़ से 01 माओवादी को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से पिट्ठू बैग में टीफिन बम, बैटरी, बिजली का तार, पटाखा आदि बरामद किया गया।

# 1460 पंचायतों में डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए एमओयू किया गया, प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन:मुख्यमंत्री

**बीजापुर 15 अप्रैल।** बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया।

कलेक्टर कार्यालय के इंद्रावती सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सामाजिक समरसता दिवस को प्रदेश का ऐतिहासिक दिन बताते हुए जानकारी दी कि ग्राम पंचायतों में अटल




पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र हेतु प्रति विकासखण्ड से 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं कॉमन सर्विस सेंटर के सर्विस प्रदाता के मध्य एम.ओ.यू की कार्यवाही की गई । 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ किया जाएगा।उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी और अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (क्क्द्ब-त्र) अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा ÷मोर दुवार साय सरकार÷ महाभियान दिनाक 15 अप्रेल से 30 अप्रेल तक चलाया जाएगा।जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी सहित जिला पंचायत सदस्य जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सदस्य गणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडर जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया । वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर अपने विचार प्रकट किए । इस अवसर पर समाज प्रमुखों के जनप्रतिनिधियों एवं अपर कलेक्टर श्री भूपेंद्र अग्रवाल, एस डी एम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल , डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी एवं उपसंचालक पंचायत श्री हिमांशु साहू के माध्यम से अभिनंदन किए गए। आयोजित कार्यक्रम में मनीष सोनवानी एपीओ मनरेगा ने भू-जल स्तर के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ वाटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु संकल्प लिवाया।कार्यक्रम में गंभीर सिंह परिहार जिला समन्वयक ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की स्वीकृति प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में कुल 12848 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# उपमुख्यमंत्री रात्रि में झीरम घाटी होते हुए रायपुर के लिए हुए रवाना

**सुकमा,15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा जी आज एकदिवसीय प्रवास पर सुकमा जिले पहुँचे। इस दौरान उन्होंने सुकमा के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद और आत्मसमर्पित नक्सलियों से भी मुलाकात की इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मौसम खराब और रात्रि होने के कारण सुकमा से सड़क मार्ग से रायपुर के लिए रवाना हुए। उनका काफिला झीरम घाटी होते हुए आगे के गंतव्य के लिए रवाना हुआ।



एक नजर

## बड़े बकायादारों की फिर हुई 11 दुकानें सील



**रायगढ़, 15 अप्रैल।** निगम कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर राजस्व बाजार शाखा की टीम द्वारा लगातार किराए जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादरों पर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को अवकाश होने के बावजूद शहर के दो कॉम्लेक्स के 11 दुकान सील किए गए। कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा राजस्व वसूली की लगातार समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व बाजार शाखा की टीम को बड़े बकायादार दुकान संचालकों के खिलाफसीधे तौर पर सीलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के तहत निगम के राजस्व बाजार शाखा की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों शनिवार को एसबीआई एटीएम सहित 10 दुकानों को सील किया गया था। इसी तरह सोमवार को आकाश होने के बावजूद भी 11 दुकानों को सील किया गया। इसमें केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के दुकान क्रमांक 05 रोहित कुमार बकाया 924053 रुपएए दुकान क्रमांक 5 शंकर लाल बकाया 126068 रुपएए दुकान नंबर 19 अशोक शर्मा बकाया 72242 रुपएए दुकान नंबर 20 शिवकुमार शर्मा बकाया 62794 रुपएए दुकान नंबर 22 विनोद कुमार बकाया 57338 रुपएए दुकान नंबर 23 रघुनाथ साहू बकाया 33161 रुपएए दुकान क्रमांक 03 शुभकरण जैन बकाया 28657 रुपएए दुकान क्रमांक 03 बकाया 34668 रुपएए सुलोचना देवी अग्रवाल दुकान क्रमांक 19 बकाया 61819 रुपएए केलो विहार कंपलेक्स के दुकान नंबर 15 हीरा बाई बकाया 135413 रुपएए दुकान क्रमांक 16 रमा महंत बकाया 79207 रुपए को सील किया गया। इसत रह आज लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वाले 11 संस्थाओं को सील करने की कार्रवाई निगम राजस्व टीम द्वारा की गई। इससे पूर्व शनिवार को एसबीआई एटीएम सहित 10 दुकानों को सील किया गया था। इसके पूर्व भी 10 दुकानों को सील किया गया था। निगम की राजस्व टीम द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए अब तक दुकान किराया जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादार पेट्रोल पंप एसबीआई एटीएम सहित 31 संस्थाओं को सील करने की कार्रवाई की गई। निगम कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने राजस्व टीम को बड़े बकायदार के विरुद्ध कुर्की एवं सील की कार्रवाई लगातार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूटी पर शराब की तस्करी करते दो गिरफ्तार,45 लीटर महुआ शराब जब्त



रायगढ़, 15 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतरारोड़ पुलिस ने आज स्कूटी पर महुआ शराब की तस्करी कर रहे दो युवकों को दबोच लिया। मुखबिर से मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम गोरखा झारापारा में घेराबंदी कर स्कूटी पर सवार दोनों संदेहियों को रोका और तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 45 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को सूचना मिली थी कि दो युवक ग्राम कृष्णापुर के रास्ते गोरखा की ओर भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने स्टाफ को कार्रवाई के निर्देश दिए जिसके बाद प्रधान आरक्षक करूणेश रायए आरक्षक चंद्रेश पाण्डेय एवं शिवानंद प्रधान की टीम ने झारापारा में घेराबंदी कर तस्करों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा उत्तम पिता मालिक राम उरांव 35 वर्ष निवासी गोरखा वार्ड क्रमांक 9 तथा मुकेश मोदी पिता बलिराम मोदी 20 वर्ष निवासी झारापारा गोरखा बस्ती शामिल हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक पन्नियों में भरे 25 लीटर एवं 20 लीटर महुआ शराब कुल 45 लीटरए जिसकी अनुमानित कीमत 4.500 रुपये बताई जा रही है जब्त की है।

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**महासमुंद 15 अप्रैल ।** भारत रत्न एवं भारत संविधान के शिल्पकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर की तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, श्रीमती सृष्टि अमर चंद्राकर, श्रीमती देवकी पटेल, श्री नैन पटेल, श्री रवि साहू आदि थे।

# अंबेडकर जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर संविधान की शपथ दिलाई

## समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 15 अप्रैल।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अटल पंचायतों डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रति विकासखण्ड के 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के वी एल ई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्यवाही का आदान-प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीणों को नागरिक सुविधा के साथ-साथ बैंकिंग एवं अन्य डिजिटल सेवाओं का ग्राम पंचायत में निर्धारित दर अथवा निःशुल्क रूप में मिल सके। साथ ही नागरिकों को सरकारी सेवाओं, शैक्षणिक सेवाओं, पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड पंजीकरण और अन्य सेवाओं जैसे डिजीटल सेवाएं प्रदान किया जायेगा। इसका शुभारंभ 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के रूप में की जायेगी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जायेगा और पूरी प्रक्रिया से अवगत कराई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। इसकी जानकारी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों को दी गई। तथा इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।इसके अलावा कार्यक्रम में भू-जल स्तर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि आज नदी, नाले, तालाब, पोखर, अत्यधिक भू-जल दोहन के कारण सुख रहे है। यह हमारे पानी के उपयोग के प्रति लापरवाही एवं अत्यधिक दोहन का परिणाम है। भू-जल संरक्षण के लिए गरियाबंद जिले के 34 ग्राम पंचायतों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जायेगा। विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने




उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु संकल्प दिलाया जाएगा।इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का वर्चुअल उद्बोधन भी हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक श्री रोहित साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, उप संचालक पंचायत के.एस. नागेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। साथ ही सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर विभिन्न समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजिम विधायक श्री रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह दिन खास है। क्योकि यह दिन हमें बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके योगदान को याद करने का एक अवसर है। उनका नाम भारत के इतिहास में जन्में कई सारे महापुरूषों से एक बड़ा नाम है। जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीतिक, और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये है। उन्होंने न सिर्फ दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बड़े हिमायती थे। उन्होंने भारत के निर्माण के लिए हम सबको एक रास्ता दिखाया था, उन्हीं के बताये हुए रास्तों पर चलकर भारत बुंलदियों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पानी की कमी आज पूरे विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। हर रोज स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना बड़ी समस्या भी है। पानी की कमी का असर आज हमारे जिले में भी देखने को मिल रहा है। जल ही जीवन है, उसका संवर्धन करे। हमें अधिक से अधिक जल बचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरशंकर कश्यप ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालीमा ठाकुर, नगर पालिका के अध्यक्ष श्री रिखीराम यादव, नगर पालिका के उपाध्यक्ष श्री आसिफ मेमन, जिला पंचायत सदस्य श्री इंद्रजीत महाड़िक, वरिष्ठ नागरिक श्री अनिल चन्द्राकर, सहित नगर पालिका के पार्षदगण, सरपंच, समाज प्रमुख थे।

# जयंती पर बौद्ध समाज ने नगर में रैली निकाल बाबा साहेब के बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 15 अप्रैल।** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर गरियाबंद जिले में भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गरियाबंद विधायक श्री रोहित साहू ने वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर बाबा साहब को नमन किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं अंबेडकर समाज के सभी प्रबुद्जन , शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन स्थल पर ÷समानता, भाईचारा और न्याय÷ के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संगोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विचार गोष्ठियों का भी आयोजन किया गया। बौद्ध समाज के द्वारा आज संध्या नगर में विशाल रैली निकाल सभी समाज के भाइयों से गले मिल अंबेडकर जयंती की बधाई दी इस अवसर पर विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद गरियाबंद मुस्लिम समाज के साथ ही नगर पालिका गरियाबंद ने अंबेडकर जयंती अंबेडकर जयंती के अवसर पर रैली में शामिल सभी लोगों का सवाल पहाड़ कर कर फूल माला से उनका स्वागत किया इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक श्री रोहित साहू ने कहा डॉ. बाबा साहब अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने शिक्षा को हथियार बनाया और समाज में व्याप्त असमानताओं को चुनौती दी। उनके विचार आज भी हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।÷विधायक साहू ने आगे कहा,÷बाबा साहब अंबेडकर का संपूर्ण जीवन वंचितों, शोषितों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को समर्पित रहा। उन्होंने यह सिद्ध किया कि अगर संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी व्यक्ति अपनी मेहनत से इतिहास रच सकता है। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह सिर्फ श्रद्धांजलि का अवसर नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने का भी संकल्प लेने का दिन है।÷उन्होंने वर्तमान केंद्र सरकार की भूमिका की सराहना करते हुए कहा,

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डॉ. अंबेडकर जी को भारत रत्न देकर उनके योगदान को यथोचित सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश सामाजिक समरसता और सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी अगर समाज में कोई वर्ग पीछे रह गया है, तो उसके लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। यह बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। विधायक साहू ने युवाओं से भी अपील की कि वे बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलें और शिक्षा, समानता तथा न्याय को अपना मूल मंत्र बनाएं। उन्होंने कहा कि ÷शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी स्थिति बदल सकता है। बाबा साहब ने हमेशा कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यही मंत्र आज भी प्रासंगिक है।

## नवकैम्प गौटपल्ली में जवानों ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया



**बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 168 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा नवकैम्प गौटपल्ली, बीजापुर में एक दिवसीय सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 250 से अधिक स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की मदद करना और सुरक्षा बलों के साथ समन्वय बढ़ाना रहा।मेडिकल कैंप, कपड़े वितरण, खेल सामग्री एवं साइकिल वितरण इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों एवं महिलाओं को कपड़े वितरित किए गए, वहीं युवाओं के लिए खेल सामग्री एवं साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे स्थानीय लोग काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए।ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना की और सीआरपीएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ है, जिससे उन्हें बहुत लाभ मिला। उन्होंने ष्टक्रक्कस्न के प्रति विश्वास और सम्मान प्रकट किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमांडेंट श्री विक्रम सिंह थे, उनके साथ 2द्बष्ट श्री रावत, डिप्टी कमांडेंट श्री इंद्राज कपूरिया, सीएमओ डॉ. शर्मिला रेड्डी, तथा 168 बटालियन की ष्ठ और श्च कंपनी के कंपनी कमांडर उपस्थित रहे। इन सभी अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।सीआरपीएफ द्वारा किए गए इस प्रयास से क्षेत्र में विश्वास और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है, जिससे स्थानीय जनता और सुरक्षा बलों के बीच आपसी संबंध और सशक्त होंगे।

## सरकार एवं सर्व समाज के बीच समन्वय स्थापित करने परिचर्चा आयोजित



**भोपालपटनम,15 अप्रैल।** सरकार एवं सर्व समाज के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु रविवार को स्थानीय गोंडवाना भवन मे आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम मे शामिल होने सेवानिवृत आई.ए.एस. एवं बस्तर संभाग के पूर्व कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र ने भोपालपटनम पहुँचकर सर्व समाज मे व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों को दूर करने के सुझाव दिए श्री चुरेन्द्र का कहना है कि हर परिवार को इस बात का चिंतन एवं मनन करना होगा कि हमारा परिवार अच्छे संस्कारो से परिपूर्ण होकर आर्थिक रूप से मजबूत कैसे होगा उन्होंने बताया की हमें हमारे परिवार के लिए क्षमता से अधिक अनावश्यक खर्च न करते हुए ज्यादा से ज्यादा आय के स्रोत बढ़ाने होंगे शादी व्याह एवं तीज त्यौहार जैसे कार्यकर्मो मे धन का दुरूपयोग न करते हुए सादगी पूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने होंगे तथा यथा संभव सर्व समाज द्वारा कम खर्च मे सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न किया जाना उचित होगा इसी तरह कृषि के क्षेत्र मे रासायनिक खादो का उपयोग न करते हुए जैविक खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की सलाह दी श्री चुरेन्द्र का मानना है कि रासायनिक खाद के उपयोग से पैदावार बढ़ता है लेकिन हमारे मानव जीवन मे पड़ने वाले दुष्प्रभावो से हम कई तरह की बीमारियों से ग्रसित भी हो जाते है नशा नाश का जड़ है इस कारण शराब एवं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन न करने की सलाह देते हुए उन्होंने गांव मे शराब बंदी के लिए ग्राम सभाओ के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर सर्व समाज को इसका अनुसरण करने की बात पर बल दिया श्री चुरेन्द्र ने कार्यक्रम मे उपस्थित सर्व समाज के लोगो से आग्रह करते कहा कि शिक्षा के प्रति लोगो मे जागरूकता बढ़ाते हुए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाये ताकि हमारे बच्चे भी उन्नत शिक्षा ग्रहण कर के देश के विकास मे सहभागिता निभा सके सेवानिवृत आई.ए.एस. श्री चुरेन्द्र ने सर्व समाज से अपील करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर उन्नत कृषि को बढ़ावा देते हुए अच्छी शिक्षा ग्रहण कर हमें आर्थिक रूप से मजबूत होना है ताकि हम हमारे देश को उन्नति कि शिखर पर पहुंचा सके इस परिचर्चा मे सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष अशोक तलाण्डी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने भी सहभागिता निभाते हुए अपनी बात रखी सर्व समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया जनपद अध्यक्ष सरिता कुडेम उपाध्यक्ष नीलम गणपत राव सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र काका गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष वल्वा मदनैया सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के ब्लॉक अध्यक्ष गिरजा शंकर तमड़ी सर्व समाज के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रायगढ़ से शक्ति अग्रवाल होंगे भारी बहुमत से विजयी:अशोक अग्रवाल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रायगढ़ जिला मंत्री पद हेतु 16 अप्रैल को मतदान होना है। जिसके लिए व्यापारियों में काफी उत्सुकता नजर आ रही है।छत्तीसगढ़ चेंबर के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल (पत्रकार) ने जिले के सभी व्यापारी मतदाता भाईयो से आग्रह किया है की चेंबर चुनाव में भारी मतदान कर व्यापारी एकता पैनल के सक्रिय एवं व्यापारियों के लिए हमेशा संघर्षरत भाई शक्ति अग्रवाल के पक्ष में कलश छाप पर मतदान कर भारी बहुमत से विजई बनाएं।अशोक अग्रवाल ने बताया की व्यापारी एकता पैनल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान में निर्विरोध निर्वाचित उपाध्यक्ष भाई सुशील रामदास के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूरे जिले में कार्यकर्ताओं का जोरदार जनसंपर्क अभियान जारी है तथा खरसिया में भी मुकेश मित्तल, अशोक दीपक ट्रेडर्स, राजेंद्र नूतन सहित कार्यकर्ताओं की पूरी टीम जोर-शोर से भारी बहुमत से शक्ति अग्रवाल को जिताने में लगी हुई है। जिसके उत्साहजनक परिणाम आएंगे। इन्होंने दावा किया की खरसिया सहित पूरे जिले में 80त्न से अधिक मत पाकर शक्ति अग्रवाल रिकॉर्ड मतो से जीत दर्ज करेंगे एवं पुनः व्यापारी भाईयो की सेवा में तत्पर रहेंगे।

# माओवादियों के नापाक मंसूबों को जवानों ने किया विफल



**बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 14/04/2025 को बीडीएस, थाना बीजापुर एवं कैम्प जैतालुर 13वी वाहिनी छसबल की टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डीमाईनिंग डयूटी पर गोरना मनकेली की ओर निकली थी। डीमाईनिंग डयूटी के दौरान आज पूर्वान्ह 09.00 बजे मनकेली ग्राम से आगे कच्चे मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 05 नग आईईडी को Detect किया गया। माओवादियों के द्वारा कच्चे मार्ग पर 2-2 किग्रा के 03 नग बीयर बॉटल एवं 3-5 किग्रा के 02 नग टीफिन बम को 03- 05 मीटर की दूरी में सीरिज में लगाये गये थे, जो कमांड स्वीच से जुड़ा हुआ था। बीडीएस बीजापुर की टीम के द्वारा मौके पर आईईडी को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया।

सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल करते हुऐ, आईईडी बरामद कर निष्क्रिय करने में सुरक्षा बलो को कामयाबी मिली।

## बालाजी मंदिर समिति ने भक्तों और सहयोगियों का जताया आभार

**भोपालपटनम, 15 अप्रैल।** भोपाल पटनम (पटेलपारा) श्री श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हाल ही में संपन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह भक्ति और श्रद्धा के एक अद्भुत संगम का साक्षी बना। मंदिर समिति इस भव्य आयोजन की सफलता पर सभी भक्तों और सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती है।यह दिव्य समारोह अत्यंत सुन्दर और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंदिर समिति उन सभी भक्तों को कोटि-कोटि साधुवाद देती है जिन्होंने इस पवित्र अवसर पर शामिल होकर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त, मंदिर समिति उन सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों और शुभचिंतकों की भी हृदय से आभारी है जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। आपके निस्वार्थ सहयोग और समर्पण के बिना यह भव्य आयोजन संभव नहीं था।मंदिर समिति भविष्य में आयोजित होने वाले सभी धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी मंदिर के समूहों और अन्य माध्यमों से समय-समय पर आप सभी तक पहुँचाती रहेगी।

# सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**रायगढ़, 15 अप्रैल।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉण्भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सायए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अन्य मंत्री वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। इसी क्रम में रायगढ़ कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में जिला स्तरीय सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर नगर निगम श्री जीवर्धन चौहानए सभापति श्री डिग्रीलाल साहूए जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदारए समस्त जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षए सरपंच सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉण्भीमराव अंबेडकर ने संघर्षपूर्ण जीवन जीने के साथ ही संविधान व न्याय एवं समतामूलक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कमजोर वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण में विशेष योगदान दिया है। उनके विचारों को हम सभी को आत्मसात करने की आवश्यकता है।सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने समरसता दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता है। जिससे वे जीवन में आगे बढ़ेंगेए साथ ही समाज को मुख्य धारा में जोडऩे का कार्य भी करेंगेए जिससे समाज का विकास होगा।



उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु शिक्षकों की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश दिला कर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

### अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का होगा शुभारंभ

पंचायत राज दिवस के अवसर पर आगामी 24 अप्रैल को राज्य के 1460 चयनित ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। जिसके लिए आज जिले के भी सीएससी के वीएलई के मध्य अनुबंध कराया गया। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विभिन्न योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने वाले राशि का ग्राम पंचायत स्तर पर ही नगद आहरण करने की सुविधा उपलब्ध कराना है।

### गांवों के विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान,जिला प्रशासन करेगा सहयोग

सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने ग्राम सरपंच को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों के विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान होता है। आपके सहयोग से ही गांवों में कुपोषणए टीबी मुक्तए स्वास्थ्य जागरूकता सहित अन्य गतिविधियों का सफ्लता पूर्वक संचालन होता है। गांव के विकास में आपके कार्यों के लिए जिला प्रशासन आपका सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जिले में भू.जल स्तर सुधार हेतु जल संरक्षण पर वृहद स्तर पर कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार आगामी दिनों में महाभियान चलाकर सर्वे का कार्य कर नये हितग्राहियों को सर्वे सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के तहत 01 लाख 40 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। आपके संज्ञान में जो आवेदन है जिसका जिला स्तर पर समाधान हो सकता है उसमें अवश्य सहयोग करें।

## बीजापुर मेला उत्सव के दूसरे दिन राजकोष निरीक्षण

**बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के आराध्य देव बाबा चिकटराज मेला के दूसरे दिन परम्परा अनुसार राजकोष निरीक्षण के लिए तहसील कार्यालय पधारे पूज्यनीय देवगण और उनके सेवकजनों के आगमन पर एस डी एम जागेश्वर कौशल ,तहसीलदार डी आर ध्रुव और तहसील के कर्मचारियों ने भव्य स्वागत - सत्कार किया , द्वार पालों की उपस्थिति में मालिक चिकटराज ने परम्परा अनुसार राजकोष का निरीक्षण किया तत्पश्चात निरीक्षण से संतोष स्वरूप तहसील प्रांगण में देवखेलनी नाच उत्सव किया ।तहसील से मुख्य मार्ग में आने पर बीजापुर के व्यापारियों ने फूल माला,आतिश बाजी से आराध्य देव चिकटराज का स्वागत किया ,चरण धोकर पीला वस्त्र अर्पण कर सभी ने आशीर्वाद लिया ।बीजापुर जिले के अंदरूनी विभिन्न क्षेत्रों के आए देवगण व सेवक सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे ।



# अंबेडकर जयंती पर मूल निवासी समाज ने कराया संवैधानिक आदर्श विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 15 अप्रैल।** मूलनिवासी (ओबीसी -एससी - एसटी) समाज की पहल से आदिवासी भवन कुरूद में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संविधान की शपथ लेकर सतवंत सिंह महिलांग पिता हुकुमचंद महिलांग और भारती टंडन पिता परिवार व समाज के लोगों की उपस्थित में विवाह कर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया, यह संवैधानिक विवाह क्षेत्र में खासा चर्चा का विषय बना हुआ है इस विवाह को भारतीय मूलनिवासी सामाजिक एकीकरण की नजरिया से देखा जा रहा है।



कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब अंबेडकर, चक्रवर्ती सम्राट अशोक और शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना की सामुहिक पठन कर किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने वर वधु को दांपत्य जीवन में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इतिहास सीखने की चीज है, डूबने की नहीं, इतिहास की गलतियों को दोहराए बिना वर्तमान में मेहनत कर समाज के उज्जवल भविष्य के लिए काम करने की आवश्यकता है मूल निवासी समाज के बैनर तले संपन्न इस ऐतिहासिक विवाह के आप सब साक्षी हैं आने वाले समय में यह ओबीसी एससी एसटी के एकता का प्रतीक बनेगा। हमें ऐसे समाज निर्माण करना है जहां जाति वर्ग धर्म संप्रदायिक असमानता का कोई स्थान न हो, जहां सबको सम्मान और न्याय मिले।

इस अवसर पर बसंत ध्रुव, समारू सिन्हा, पोखराज ध्रुव, टिकेश्वर सिंह, पंडित शंकर दादा युवराज सिंह साहू, गजेंद्र टंडन, बोधन ध्रुव, हरीश चंद्र मंडावी, देवनाथ नेताम, ओमप्रकाश बर्मन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हमारे महापुरुषों के सपनों के भारत निर्माण को आगे ले जाने के बजाय आज हमारे जन प्रतिनिधि एवं सामाजिक नेता महापुरुषों को केवल राजनैतिक लाभ के नजरिए से देखते है इसलिए आज हम संकल्प लेते हैं कि गांधी और बाबा साहब के सपनों के भारत को निर्माण को पूरा करने के लिए आजादी की दूसरी संघर्ष को और मजबूत करेंगे। कबीरधाम जिला से लड़का पक्ष और राजनांदगांव जिला डोंगरगांव से आये लड़की पक्ष के परिचय के पश्चात पंडित शंकर दादा ने विज्ञान सम्मत रीति-रिवाज के साथ संवैधानिक विवाह संपन्न कराया। आयोजक सदस्यों द्वारा संविधान की प्रति भेंटकर नवदंपति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।उपस्थित लोगों ने स्वेच्छा से पुष्प राशि भेंट कर टिकावन की रस्म अदायगी भी की।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा ने जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**दल्लीराजहरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशानुसार सेवा पख्वाड़ा के तहत सोमवार को ग्राम टेकाढ़ोड़ा में भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसुमकसा के द्वारा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समाज के अनुयायियों के साथ सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर व भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर झंडारोहण किया गया ततपश्चात बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष 14 अप्रेल भारतीय जनता पार्टी कुसुमकसा मंडल लगातार कुसुमकसा सहित अपने क्षेत्रो के विभिन्न ग्रामों में समाज के अनुयायियों द्वारा स्थापित बाबा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर समाज के साथ मिलकर इस डॉ भीम राव आम्बेडकर जयन्ती समारोह का आयोजन करती है कार्यक्रम के एक दिन पूर्व भी इस प्रतिमा में जाकर प्रतिमा की और आसपास की भी साफसफाई भारतीय जनता पार्टी डौंडी मंडल के कार्यकर्ताओं ने की थी। पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा देश के सविधान निर्माता के साथ भारतीय राजनीतिक और समाज सुधारक थे उन्होंने महिलाओं को समानता का अधिकार दिलाया। प्रत्येक वर्ग के लोगो को शिक्षित, संगठित और संघर्ष करने प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि सोमेश साहू, संतोष जैन, पुष्पजीत बैस, कमल कांत साहू सहित बड़ी संख्या में जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के अनुयाई उपस्थित थे।

### वन मंडल रायपुर उड़नदस्ता ने किया आरामिल मिल सील



**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन मंडलाधिकारी रायपुर और संयुक्त वन मंडलाधिकारी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने रायपुर के भनपुरी में स्थित गणेश ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा। इस दौरान पाया गया कि कंपनी एक बिना लाइसेंस की ट्रॉली अवैध रूप से चला रही थी। वन मंडल उड़न दस्ता टीम के प्रभारी दीपक तिवारी, उप वन क्षेत्रपाल और सी एफओ केशव यादव, बी एफओ वसीम, बी एफओ गोस्वामी औरबी एफओ खैरवार ने सहयोगी दैनिक श्रमिक सनत, यशपाल और रिजवान के साथ मिलकर कार्रवाई की। टीम ने मिल को सील कर बंद कर दिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। इस प्रकार की कार्रवाई वन विभाग की ओर से अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने और वन संसाधनों के संरक्षण के लिए की जा रही है। यह कार्रवाई वन मंडलाधिकारी और संयुक्त वन मंडलाधिकारी के निर्देशन में की गई, जो वन विभाग की नीतियों और निर्देशों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं। आपको बता दे की दीपक तिवारी की इस तरह की लगातार कार्रवाई से अवैध लकड़ी माफिआओं में तथा अवैध आरा मिल का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है.आपको बता दे की रायपुर जिले में दीपक तिवारी के पदस्त होते है अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है वो अपना कारोबार समेटना चालू कर दिया है।

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ने किया बाबा साहेब अम्बेडकर को नमन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 अप्रैल।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में मनाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी एवं शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी - कर्मचारियों ने भी डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। ज्ञातव्य है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक कहे जाते हैं।वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और अपने जीवनकाल में समानता और लोगों के अधिकारों के लिए लड़े थे।हर साल 14 अप्रैल को देशभर में अम्बेडकर जयंती मनाया जाता है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अम्बेडकर जयंती पर हरिनभट्ठा में कई कार्यक्रम आयोजित



**सिमगा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा ब्लॉक के ग्राम हरीनभट्ठा में आज डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिमगा के शिवनाथ हॉस्पिटल के सौजन्य से विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन यहां किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर उक्त शिविर का लाभ उठाया। साथ ही ग्राम में अम्बेडकर जयंती मनाई गई जहां बाबा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर उनके योगदान को याद किया गया। तत्पश्चात ही स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ यहां किया गया। इस अवसर पर भाटापारा एसडीओपी तारेश साहू, सिमगा थाना प्रभारी योगिता बाली खापरड़े, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### महामाया मंदिर के पास मिले गौमाता के कटे कान को लेकर नगर में रोष व्याप्त



**सिमगा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के प्राचीन महामाया मंदिर के समीप गौमाता का कटा कान मिलने से सिमगा नगर में सनसनी फैल गई जिसकी सूचना सिमगा थाना में दी गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी योगिता खापरडे अपने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर बारिकी से मुयाना कर अपने उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसी तारतम्य में इस घटना को लेकर भाजपा नेता अनिल पाण्डेय एसडीओपी तारेश साहू से मुलाकात कर इस कृत्य को अंजाम देने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रमणी तिवारी मंडल अध्यक्ष, धीरज जैन, छोटू यादव, मनोज टोण्डे, विकास सोनकर, सूरज सोनकर, परस पाटकर, राजेश सिंह, अनूप तिवारी, मुकुंद रजक, मीन्टू मिश्रा आदि मौजूद थे।

### स्व पंडित मालूराम शर्मा की पुत्र वधू का निधन

**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा के प्रतिष्ठित परिवार लोकतंत्र सेनानी बीजेपी के वरिष्ठ नेता स्व. पंडित मालूराम शर्मा की पुत्रवधू और ओमप्रकाश शर्मा की धर्मपत्नी ज्योति शर्मा उम्र 50 वर्ष का अल्प आयु में प्रभु इच्छा से देवलोक गमन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 14 अप्रैल को शाम 5 बजे निज निवास स्थान सुभाष चौक तिल्दा-नेवरा से निकाली गई। सार्वजनिक मुक्तिधाम नेवरा में अंतिम संस्कार किया गय। जिसमें नगर के सामाजिक व्यापारी बंधु सहित लोग उपस्थित थे। वे पत्रकार नरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा के छोटे भाई की बहू और सुरेंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, पवन शर्मा और स्व. विष्णु शर्मा की भाभी थी। ज्योति शर्मा के निधन पर तरुण छत्तीसगढ़ परिवार ने श्रद्धांजलि दी है।



## जिले में अम्बेडकर जयंती पर मनाया गया समरसता दिवस

# संविधान के उद्देशिका का वाचन कर ली जल संचयन की शपथ

■ सरपंचों एवं सीएससी के व्हीएलई के मध्य एमओयू

■ पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 अप्रैल।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को आज जिले में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पावन साहु, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किये। इस अवसर पर विभिन्न समाज के प्रमुखो को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात संविधान के उद्देशिका का वाचन किया गया तथा जल संचयन की शपथ ली गई। पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु प्रति विकासखंड के 10 -10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के व्हीएलई के मध्य ओएमयू किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 10 हितग्राहियों आवास की चाबी सौंपा गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 आवास मित्रो एवं लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सम्बोधन को ऑनलाइन जुड़कर एलईडी स्क्रीन पर देखा- सुना गया।



पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की शुकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने संविधान की रचना कर हमें उसके दायरे में रहते हुए आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया है। डॉ अम्बेडकर ने सामाजिक समरसता के लिए आजीवन काम करते रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा डॉ अम्बेडकर के जीवन के पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ रूप में विकसित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने तीन मंत्र दिये जिनमे शिक्षित बनो, संघर्ष करो एवं संगठित रहो शामिल है।हमारी सरकार डॉ अम्बेडकर के आदर्शो पर चलकर काम कर रही है।श्री शर्मा ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष डॉ अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र, मोर दुवार साय सरकार, सुशासन तिहार, जल संचयन की जानकारी देते हुए सभी पक्के घरों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की अपील की।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, दुर्गा महेश्वर ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कसडोल कुसुम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य गीता वर्मा, अमर सिंह मण्डावी, मोनू वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ ने मनाई बाबा साहेब का जयंती



**रायपुर, 15 अप्रैल।** सामाजिक समरसता, समानता का मूलमंत्र देने वाले, गरीबों, मजलूमों के मसीहा, महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने वाले ज्ञान के प्रतीक, भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न, बोधिसत्व, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए 14 अप्रैल सोमवार को सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ ने उनकी जयंती पर उन्हें याद कर संविधान को पढ़कर, माल्यार्पण कर मनाया गया।बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ ने जय भीम, जय संविधान, जय सतनाम, बाबा साहब अमर रहे की जयकारे लगाए।इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग मंडल के अध्यक्ष के.पी खांडे, सुन्दर जोगी, प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, प्रदेश संगठन महामंत्री दिलीप कुर्रे, जिला संरक्षक मोना खांडे, उपाध्यक्ष शंभु सतनामी, महामंत्री भुवनेश्वर बघेल, वार्ड अध्यक्ष राहुल खेलवार, चन्दन गिलहरे, संतोष टंडन, जिला सचिव सीताराम खरे, विकास मारकंडे, व्यास बारले, ओम प्रकाश, महंत जांगड़े, जैनेंद्र सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण, कुलेश्वर, राहुल ने दी है।

## अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**रायपुर, 15 अप्रैल।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा नारीशक्ति सम्मान समारोह तथा बच्चों के श्लोक पठन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में सफल आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रतीक तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारीशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख चित्रा तिवारी ने किया। विशेष अतिथि के रूप में निवेदिता मिश्रा, मुंगेली से मंजुला शर्मा, उर्वशी पाठक, राजकुमारी तिवारी, भारती अवतार शर्मा, थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चित्रा तिवारी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में संगठन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यक्रम, कार्यशैली एवं आगामी कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाले। कार्यक्रम संयोजक प्रतीक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के बहनों का सम्मान किया गया। जिनका विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य रहा है। इस कड़ी में दीपाली पांडेय, किरण शर्मा, मोनिका दुबे, विनय त्रिवेदी अवस्थी, डॉक्टर स्नेही पांडेय, डॉक्टर अनुश्री पाठक, शांति तिवारी डॉक्टर विभा मिश्रा, बरखा शर्मा, रिया पांडेय, आदि को सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में बिलासपुर, मुंगेली, भाटापारा, दुर्ग, जगदलपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर रतनपुर, बेमेतरा, राजनांदगांव, अंबिकापुर आदि जिले के सदस्य सहित डॉक्टर एस के शर्मा, प्रतीक तिवारी, उमा तिवारी, सविता शर्मा, रश्मि तिवारी, अमित मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अविनाश मिश्रा, आकाश मिश्रा, जितेंद्र पांडेय, डॉक्टर मल्लिका मिश्रा, साधना शुक्ला, सुभद्रा तिवारी, लक्की दुबे, आरती शर्मा, साधना चक्रवर्ती, अनिल दुबे, राजीव द्विवेदी परम, मनोरमा शर्मा, विनय दुबे, प्रीति झा, पारुल मिश्रा, भारती नंदे, चित्रसेन नंदे, अथर्व तिवारी, विनय तिवारी, राखी शर्मा, सुनीता पांडेय मोक्षिमा शर्मा, शोभा तिवारी प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन साधना शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन उमा तिवारी ने किया।



## छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय प्रतिनिधि सभा के आयोजन में शामिल हुए विधायक धर्मजीत सिंह व वरिष्ठ अधिकारी

# आदिवासी क्षेत्रों में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सकों की सेवाएं सराहनीय : धर्मजीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 15 अप्रैल।** जल संसाधन विभाग के प्रार्थना भवन में रविवार को छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय प्रतिनिधि साधारण सभा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहे। इस सभा में प्रदेश के 23 जिलों से आए आयुर्वेद चिकित्सक, जिला अध्यक्ष एवं संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल संगठन के आगामी प्रांतीय चुनाव का संचालन था, बल्कि आयुर्वेद चिकित्सकों की लंबित मांगों को शासन के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करना भी रहा।

मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। विशेषकर हमारे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सकों की सेवाएं अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने चिकित्सकों को होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन भी शासन स्तर पर दिया।

आयुष विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रही जीवनशैली जनित बीमारियाँ (हृष्टह्य) को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से ही प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के पालन का महत्व विशेष रूप से रेखांकित किया।



सभा की अध्यक्षता कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डॉ. प्रशांत कश्यप ने की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 1200 आयुर्वेद औषधालय संचालित हो रहे हैं, जहां कार्यरत चिकित्सकों को संविदा नियुक्ति, चार स्तरीय वेतनमान, एवं समय पर वेतन भुगतान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन विषयों पर गंभीर चर्चा की गई।

संघ के संरक्षक डॉ. शर्मा ने कहा कि यह सभा केवल संगठनात्मक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि प्रदेश भर के आयुर्वेद चिकित्सकों की भावनाओं और उम्मीदों की अभिव्यक्ति भी है।

**संघ के प्रांतीय निर्वाचन में निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया:** अध्यक्ष- डॉ. गदाधर पंडा, उपाध्यक्ष- डॉ. प्रशांत कश्यप, डॉ. कोमल सिंह डोटे, महामंत्री- डॉ. अजय नायक, रमेश खुटे, डॉ. प्रशांत रावत, डॉ. अतुल परिहार, कोषाध्यक्ष- डॉ. शिशिर साहू, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य ड्ड डॉ. एल. आर. भगत, डॉ. मुकेश माहौर, डॉ. तनुजा चंद्राकर, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी। नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पंडा ने अपने वक्तव्य में कहा कि, यह दायित्व मेरे लिए गौरव का विषय है और मैं संघ के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। संगठन की पुरानी लंबित मांगों जैसे संविदा चिकित्सकों का नियमितीकरण, चार स्तरीय वेतनमान, पदोन्नति की समय-सीमा, और औषधालयों में बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति को लेकर हम शासन स्तर पर पूरी ताकत से पैरवी करेंगे। साथ ही, मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि संगठनात्मक एकता और पारदर्शिता बनी रहे तथा युवा चिकित्सकों को भी नेतृत्व के अवसर मिलें। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने और इसकी उपयोगिता को स्थापित करने के लिए संघ सभी स्तरों पर प्रयासरत रहेगा। यह आयोजन संगठन की एकता, उद्देश्य और सेवा भावना का सशक्त प्रतीक रहा।बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण मनोनयन किए गए। डॉ. राजनीश जायसवाल को महामंत्री पद के लिए मनोनीत किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202503092100041
अ/2 वर्ष 2024-25

## ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जयश्री साहू पति दलेश्वर साहू उम्र 47 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम आलीवारा, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम आलीवारा, पटवारी हल्का नम्बर 14, रा.नि.म. मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 165/9 रकबा 0.4050 हेक्टेयर भूमि स्थित है। आवेदक संस्था के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम आलीवारा, पटवारी हल्का नम्बर 14, रा.नि. म. मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 165/9 रकबा 0.4050 हेक्टेयर को एग्रो केमीकल प्लांट प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करवाना चाहती है। आवेदिका द्वारा ग्राम आलीवारा, पटवारी हल्का नम्बर 14, रा.नि.म. मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 165/9 रकबा 0.4050 हेक्टेयर भूमि को एग्रो केमीकल प्लांट प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/04/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

एक नजर

## रामायण सम्मेलन में शामिल हुए योगेश



**रायपुर, 15 अप्रैल।** बेमेतरा विधानसभा के ग्राम कुम्हीं, ग्राम खुड़मुड़ी और ग्राम हरदी में आयोजित जस झांकी प्रतियोगिता एवं रामायण सम्मेलन के धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने विशेष अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इन आयोजनों में ग्रामीणों के उत्साह, युवाओं की सहभागिता और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। योगेश तिवारी जी ने सभी आयोजनों में भाग लेकर भगवान राम की आरती, प्रसाद वितरण और संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## महादेव एप : सटोरिये गुवाहाटी से गिरफ्तार

**रायपुर, 15 अप्रैल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच ने महादेव एप मामले में गुवाहाटी से 10 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इन सटोरियों को रायपुर लाया जा रहा है। बताया जाता है कि पुलिस की अलग-अलग टीम गुवाहाटी गई थी। टीम के यहां आने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सविता सर्व स्वर्णकार महासंगठन की राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

**रायपुर, 15 अप्रैल।** सर्व स्वर्णकार महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनी एवं महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष बालेंदु प्रकाश सोनी ने राजधानी रायपुर की समाजसेवी सविता गुप्ता को उनकी जागरूक, सरल



स्वभाव, परिश्रमी कार्य शैली तथा सामाजिक दायित्व के प्रति जिम्मेदारी सहित प्रादेशिक स्तर पर अत्यधिक सफल कार्यकाल को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया है।

## सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 15 अप्रैल।** भनपुरी स्थित दुर्गा चौक गोवर्धन नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी केअनुसार प्रार्थी



विरेन्द्र कुमार सिन्हा 32 वर्ष दुर्गा चौक गोवर्धन नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर व मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हेरोइन चिट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 15 अप्रैल।** आमानाका पुलिस ने हेरोइन चिट्टा खपाने के लिए ग्राहक तलाशते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि काका ढाबा के पास दो युवक मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र सिंह 44 वर्ष और अमृतपाल सिंह 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 28 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# पंचायत दिवस से प्रारंभ होगी नगद भुगतान की सुविधा व डिजिटल सेवाएं

**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नगद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए एमओयू किया गया।

इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे।

अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच आज एमओयू हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने सवा साल में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे किसानों के लिए 3100 रुपये में धान खरीदी हो या पिछले दो वर्षों का धान बोनस, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, बुजुर्गों के लिए रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ, या 5 लाख 62 हजार कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये देने का वादा।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान ले सकेंगे, साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर किसी का पक्का मकान हो। पिछली सरकार के कार्यकाल में 18 लाख हितग्राही आवास से वंचित रह गए थे। शपथ लेने के दूसरे दिन हमने कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। अभी तक हमें केंद्र से 14 लाख आवास मिले हैं। दो दिन पूर्व केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए साढ़े तीन लाख आवास स्वीकृत करने जा रहे हैं। सभी को आवास मिले, इसके लिए हमने आवास प्लस प्लस सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके।

उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस प्लस का सर्वे 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हो रहा है। इस सर्वे की सूची में सभी जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों का नाम शामिल हो, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

# प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकली शोभा यात्रा



**रायपुर, 15 अप्रैल।** फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित पिपलेश्वर महादेव दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित 17वां वर्ष हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष हनुमान जनमोत्सव शनिवार पढ़ने की वजह से भक्तों में हनुमान जी के प्रति और भी अधिक भक्ति भाव देखा गया।

मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने बताया की हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विशेष रूप दुर्ग से बुलवायी गयी भगवान श्रीराम भक्त हनुमान जी की मूर्ती रथ पर सवार झांकी ने अनेक लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया, भक्तिमय डी.जे. धुन पर नाचते झूमते हुए जय जय सियाराम के नारे लगाते महिला, पुरुष, युवा ने खूब आंनद उठाया, आस्था प्रकट की। मंदिर प्रांगण में पूजन हवन के पश्चात भंडारा रखा गया था, जिसमे हज़ारो लोगो ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 8: बजे सैकड़ो दिये से हनुमान जी की महाआरती की गयी एवं संगीतमय धुन में सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लल्लू महराज एवं अंशु महराज की भजन मंडली द्वारा देर रात्रि तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान भजन की प्रस्तुती ने भक्तो का मन मोहित कर दिया। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने हनुमान जन्मोत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को सफल बनाने समिति सदस्यों एवं आयोजन में पधारे समस्त माताओ, भाई, बहनों, युवा भक्तो का आभार ज्ञापित किया है।

# 30 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं संपत्ति कर

**रायपुर, 15 अप्रैल।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर और विवरणी जमा करने के लिए 30 दिनों की विशेष छूट प्रदान की है। अब ये 30 अप्रैल 2025 तक जमा किए जा सकते हैं। राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र में कहा है कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। इस वर्ष भी संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचन आदि में आचार संहिता भी प्रभावी रही। इन कार्यों में निकायों के अधिकारी-कर्मचारी भी संलग्न रहे। फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण की कार्यवाही प्रभावित हुई है।

विभाग ने राजस्व संग्रहण के कार्यों के प्रभावित होने के मद्देनजर वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर तथा विवरणी जमा करने के लिए अंतिम तिथि में 30 दिनों की विशेष छूट प्रदान करते हुए इसके लिए 30 अप्रैल 2025 की अंतिम तिथि निर्धारित की है। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र के माध्यम से निकाय के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर संपत्ति कर संग्रहण करने एवं नागरिकों को ऑनलाइन (Online) भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी नगरीय निकायों में इनका अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कर संग्रहण के लिए किए गए कार्यों से शासन को अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# मोदी सरकार और तेल कंपनियां जनता को लूट रही: दीपक बैज

**रायपुर, 14 अप्रैल।** केंद्र सरकार के संरक्षण में तेल कंपनियां जनता को लूट रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम के अनुपात में भारत में जिस रेट में पेट्रोल-डीजल बेचा जा रहा है पेट्रोलियम कंपनियां डीजल और पेट्रोल पर 16 रू. प्रति लीटर से अधिक का मुनाफा कमा रही है, मोदी सरकार 37 रू. का टैक्स ले रही है। दुर्भाग्यजनक है कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर मुनाफा कम करके आम आदमी को राहत देने के बजाय पेट्रोल, डीजल के दामों में और बढ़ोत्तरी कर दिया है। 5 साल में मोदी सरकार ने 35 लाख करोड़ पेट्रोल, डीजल पर टैक्स वसूला है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एक तरफ जहां क्रूड ऑयल अंतरराष्ट्रीय मार्केट में ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर में आ गया है, दूसरी तरफ मोदी सरकार सेंट्रल एक्साइज में 2 रुपए की बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। पिछले कुछ दिनों में अंतराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल 16 परसेंट घटा है लेकिन डीजल, पेट्रोल के दाम कम होने के बजाए बढ़ ही रहे हैं। अंतराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल 65 डॉलर प्रति बैरल के न्यूनतम रिकॉर्ड के आसपास है जो 2014 की तुलना में लगभग आधा है लेकिन इसका लाभ जनता को नहीं देकर केंद्र की मोदी सरकार और तेल कंपनियां अपने जेब में डाल रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में अचानक 50 रुपए की वृद्धि आम जनता के प्रति अन्याय है। उज्ज्वला योजना के नाम पर ढोल पीटने वाली मोदी सरकार ने गरीब जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। केंद्र सरकार के द्वारा रसोई गैस की कीमतों में की गई वृद्धि उज्ज्वला के हितग्राही और सामान्य उपभोक्ताओं दोनों के ऊपर यह अनुचित बढ़ोतरी लागू होगी। मोदी निर्मित महंगाई के चलते उज्ज्वला के 90 प्रतिशत हितग्राही दोबारा अपने गैस सिलेंडर को रिफिल करने की स्थिति में नहीं थे, अब 50 रुपए प्रति सिलेंडर की भारी भरकम बढ़ोतरी से बचे खुचे उज्ज्वला हितग्राही अपना सिलेंडर कैसे रिफिल करा पाएंगे?

# कमल वर्मा को बधाई



**रायपुर, 15 अप्रैल।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों के विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति ने मंत्रालय के अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन का निर्विरोध संयोजक बनाए जाने पर कमल वर्मा को बधाई दी है। कमल वर्मा और उनके प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी और उनकी पूरी टीम को छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव ने वर्मा जी को बहुत बहुत बधाई दी है।

# जैन साधु-साध्वियों के पास धन संपत्ति नहीं होती: ट्रस्ट

## जैन साधुओं पर हमले के कारणों का खुलासा करें एमपी के सीएम

**रायपुर, 15 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के सिंगोली के कछाला में पूज्य बलभद्र मुनि जी, मुनीन्द्र मुनि जी व शैलेष मुनि जी जैन साधुओं पर असामाजिक तत्वों द्वारा प्राणघातक हमले की जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आगे कहा कि सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नही है। जनमानस को समझना चाहिए कि जैन साधु साध्वी संसार की भौतिकता धन संपत्ति को त्याग कर दीक्षा ग्रहण करते हैं। पूरे देश में पदयात्रा करते हैं वाहनों का उपयोग नही करते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि प्राणघातक हमले की तह तक जांच होनी चाहिए। धन संपत्ति के लिए जैन साधुओं पर हमले की बात गले नही उतरती है। सम्पूर्ण तहकीकात कर सभी गिरफ्तार लोगों पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। कोचर व चोपड़ा ने कहा कि जैन साधु साध्वियों की पदयात्रा के समय श्रावक श्राविकाओं को साथ रहना चाहिए। ज्यादातर पदयात्रा में जैन विहार ग्रुप के लोग साथ रहते हैं लेकिन हमें सम्बंधित थाने में हमेशा सूचित करना चाहिए। जिससे प्रशासन जैन साधु साध्वियों के पदयात्रा को सुगम व सुरक्षित रखने में सहयोगी बन सके।





# कानून व्यवस्था पर सांसद बृजमोहन ने सरकार को आईना दिखाया : कांग्रेस

**रायपुर, 15 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में बढ़ते कानून व्यवस्था को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सांसद ने सरकार को आईना दिखाया है। राजधानी ही नहीं प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। आज ही रायगढ़ में दो महिलाओं की लाश मिली है। इन महिलाओं की हत्या की गई है। भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में अपराधिक घटनायें बढ़ गयी है। अपराधी और अराजक तत्व बेलगाम हो चुके है। किसी भी सरकार के लिए इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है, उसके दल के ही एक सांसद जो वरिष्ठ नेता भी सरकार की कार्यप्रणालि को लेकर पत्र लिखने को विवश है। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पत्र में जो कहा है इस विषय को कांग्रेस शुरू से ही उठाती रही है। सरकार है कि गूंगी



बहरी बनी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार सवा साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के सवा साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, दुर्ग में अबोध बच्ची की दुराचार के बाद हत्या हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने सवा साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल का पत्र गृह मंत्री विजय शर्मा की सवा साल की कार्यकाल की असफलता का प्रमाण पत्र है। गृहमंत्री प्रदेश की जनता की सुरक्षा करने में नकारा साबित हो गये है। सांसद के पत्र के बाद विजय शर्मा को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## रायपुर रेलवे स्टेशन में चाकूबाजी

**रायपुर, 15 अप्रैल।** रेलवे स्टेशन पर आज एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जब बाल कटवाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया. इस जानलेवा हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेजाया गया. वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया. इस घटना के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. यह पूरी घटना तत्रक्क थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, जयपुर से रायपुर स्टेशन पर उतरे युवकों के एक समूह में शामिल लक्की यादव नामक युवक ने पैसे नहीं होने पर बाल कटवाने को लेकर हुए विवाद में अपने दोस्त शिवकुमार पर चाकू से वार कर दिया. शिवकुमार को जांघ में गंभीर चोट आई है, जिसे तत्काल मेकाहारा अस्पताल भेजा गया है. फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है. घटना के बाद आरोपी लक्की यादव मौके से फरार हो गया. बताया जा रहा है कि वह टिकरापारा, बिलासपुर का निवासी है. दोनों युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ जयपुर से रायपुर आए थे.

# यादव ठेठवार समाज के महाधिवेशन में जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**रायपुर, 15 अप्रैल।** 13 अप्रैल यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक महाधिवेशन आज राज मुख्यालय भवन महादेवघाट रायपुरा, रायपुर में समाज के 103 नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया समाज के प्रदेशाध्यक्ष गुलेंद्र यादव जी ने अपने सारगर्भित संबोधन में समाज की एकजुटता ही अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है

प्रदेशाअध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ललिता यदु ने महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। महासभा युवा प्रकोष्ठ के ऊर्जावान प्रदेशाध्यक्ष परमानंद यादव ने यादव समाज के समग्र विकास और उत्थान के लिए राजनीतिक क्षेत्र में अधिक से अधिक भागीदारी को अनिवार्य बताया। इसी क्रम में,

नगर पालिका मंदिर हसौद के उपाध्यक्ष




ओम प्रकाश यादव ने अपने उद्बोधन में यादव समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने समाज को संबोधित करते हुए यादव ठेठवार समाज भवन के निर्माण के लिए ? 5 लाख की उदार आर्थिक सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समाज के शारीरिक रूप से अक्षम बंधुओ के लिए श्रवण यंत्र व ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। महाधिवेशन के अवसर पर राज ठेठवार श्रीकांत यदु समाज के अध्यक्ष संतोष यदु महासचिव मनीराम यादव, कोषाध्यक्ष शोभाराम यदु, संरक्षक हरिराम यदु, उपाध्यक्ष नवीन यदु सभापति हृदय राम यादव, सचिव युगल यदु, सह सचिव भगत राम यादव, सलाहकार नरेश यादव, प्रवीण यादव रामजीवन यदु, उप कोषाध्यक्ष लव यदु, कार्यालय सचिव करण यदु, यशवंत यादव, बालेन्द्र यदु, गजानंद यादव, शशिकांत यदु, महेश यादव, महितोष यादव, बंसी लाल यादव, धनेश्वर यादव, गंगोत्री यदु, केशरी यादव, दुर्गेश नंदिनी यदु अंजनी यदु, माया यदु सहित 17 पार के सामाजिक बंधु गण एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# सिसकोल ने छत्तीसगढ़ में तीन हजार लोगों को दिया रोजगार

**रायपुर, 15 अप्रैल।** स्टील सेक्टर में अपनी विरासत रखने वाले क्षेत्र में, स्टील इंफ्रा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सिसकोल) एक सशक्त परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसने छत्तीसगढ़ को आधुनिक रोजगार, कौशल विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में नवाचार का एक उभरता हुआ केंद्र बना दिया है। आज एक मीडिया राउंडटेबल की मेजबानी करते हुए, सिसकोल ने विकास, सशक्तिकरण और भारत की कुछ सबसे प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में इसके योगदान की आकर्षक कहानी साझा की है।



सिसकोल ने अपने परिचालन में 3,000 से अधिक कर्मियों को रोजगार दिया है जिसमें फैब्रिकेशन स्टाफ से लेकर कॉन्ट्रैक्ट कामगार, परियोजना प्रबंधन प्रोफेशनल और टेक्नोक्रेट तक शामिल हैं। सिसकोल ने वित्त वर्ष 2019 से 2024 के दौरान 28.75 प्रतिशत की प्रभावशाली चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की है। भिलाई एक महत्वपूर्ण रोजगार केंद्र के रूप में विकसित हुआ है, जिसने 2, 500 से अधिक कामगारों को रोजगार दिया है और पूरे छत्तीसगढ़ में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आजीविका अवसरों को बढ़ावा दिया है। कंपनी ने 2027 तक 1, 270 नई नौकरियां देने का अनुमान लगाया है, जो समावेशी और सतत क्षेत्रीय विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

सिसकोल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रवि उप्पल ने पत्रवार्ता में कहा, हमारे द्वारा बनाई गई प्रत्येक संरचना में छत्तीसगढ़ की भावना, इंजीनियरिंग की सटीकता और प्रगति का वादा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26